आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* शिक्षक दिवस
* डॉ. राधाकृष्णन जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 35 | इंदौर, शनिवार 05 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

# नेपाल में बाढ़ : 9 दिन बाद सुरंग से जिंदा निकले 2 मजदूर

## आवाज सुनकर रेस्क्यू टीम ने बचाया, अभी भी 40 के फंसे होने की आशंका, प्रभावित इलाकों में शवों की बरामदगी का अभियान जारी

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल बाढ़ के 9 दिन बाद त्रिशूली-3 ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से 2 मजदूर जिंदा निकाले गए हैं। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी पहचान संजय साह और कबीर महर्जन के रूप में हुई है। बाढ़ के बाद सुरंग में 42 कर्मचारी और मजदूरों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी। दो लोगों के जिंदा मिलने के बाद बचाव अभियान में उम्मीद बढ़ी है।

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सुरंग के भीतर से इंसानी आवाज सुनाई देने की सूचना मिली थी। इसके बाद नेपाल सेना और सशस्त्र पुलिस बल की टीमें सुरंग में दाखिल हुईं और तलाशी अभियान तेज किया। बाढ़ से अब तक 5,300 से ज्यादा लोग लापता हैं। अब तक 1,282 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि राहत और बचाव दलों ने 12,038 लोगों को सुरक्षित निकाला है।





### सबकी जान बचाना मेरी जिम्मेदारी थी

नेपाल में आई भीषण आपदा के 9 दिन बाद सुरंग से दो हाइड्रोपावर कर्मचारियों को जिंदा बाहर निकाला गया है। इनमें 30 साल के मैकेनिकल फोरमैन संजय साह भी शामिल हैं। आपदा के समय उन्होंने सुरंग से भागने के बजाय पहले अपने साथियों को बचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि, सबकी जान बचाना उनकी जिम्मेदारी थी।

संजय साह अपर त्रिशूली-3अ हाइड्रोपावर स्टेशन में काम करते थे। उन्होंने बताया कि हादसे के समय वह सुरंग के कंट्रोल रूम में थे। आमतौर पर वहां 4 से 6 लोग रहते थे, लेकिन उस दिन करीब 40-45 लोग मौजूद हो सकते थे। उन्होंने बताया कि अंधेरे में उम्मीद बनाए रखने के लिए वह मंत्रों का जाप करते रहे। संजय ने यह भी कहा कि कुछ लोग सुरंग के अंदर और गहराई में फंसे हो सकते हैं।

### चितवन जिले में सबसे ज्यादा शव बरामद, 95 की पहचान

नेपाल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में शवों की बरामदगी का अभियान जारी है। चितवन जिले में सबसे ज्यादा शव मिले हैं, जबकि अब तक बरामद शवों में से 95 की पहचान की जा चुकी है। प्रशासन और बचाव दल लापता लोगों की तलाश के साथ शवों की पहचान और उनके परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में जुटे हैं।

### पति को जिंदा देख पत्नी बोली- दूसरी जिंदगी मिल गई

कबीर महर्जन 25 अगस्त की सुबह त्रिशूली-3ए में मेंटेनेंस के काम के लिए गए थे। रेस्क्यू के बाद उनकी पत्नी ने कहा कि ऐसा लगा जैसे उनके पति को दूसरी जिंदगी मिल गई हो। 26 अगस्त को आई बाढ़ की घटना के बाद उनका फोन बंद हो गया। उस सुबह करीब 7.30 बजे पत्नी हीरा शोभा से कबीर की आखिरी बार बात हुई थी। कई दिन तक कोई खबर नहीं मिलने से परिवार की चिंता बढ़ती गई थी। अब कबीर के रेस्क्यू के बाद उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज घोषित

नेपाल सरकार ने बाढ़ से प्रभावित कारोबारियों के लिए राहत पैकेज घोषित किया है। बाढ़ में नष्ट वाहन, मशीनरी और उपकरण बिना कस्टम ड्यूटी के दोबारा आयात किए जा सकेंगे, जबकि प्रभावित लोगों के लोन की किस्तें आगे बढ़ाई या दोबारा तय की जाएंगी। बीमा कंपनियों को तेजी से क्लेम निपटाने और शुरूआती आकलन के आधार पर 50% तक रकम एडवांस देने को कहा गया है। बाढ़ में रसुवा, नुवाकोट और धादिंग की करीब 15 बस्तियां तबाह हुई हैं, इसलिए सरकार लोगों को बाढ़ के खतरे वाले इलाकों से हटाकर सुरक्षित जगहों पर बसाने की तैयारी कर रही है। शुरूआती आकलन में करीब 16 लाख लोग प्रभावित और 8,317 घर तबाह हुए हैं। रेस्क्यू किए गए करीब 3,948 लोग अस्थायी केंद्रों में रह रहे हैं।

## देश विदेश

### भारत पहुंचे रूस के चीफ जस्टिस का जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** रूस की सर्वोच्च अदालत के चीफ जस्टिस इगोर क्रासनोव ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम की मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे, यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि आज से नई दिल्ली में ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम की शुरूआत हो रही है, जिसकी मेजबानी भारत का सुप्रीम कोर्ट कर रहा है। इस फोरम के कार्यक्रम 6 सितंबर तक चलेंगे। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों और सहयोगी देशों के चीफ जस्टिस शामिल हों रहे हैं। इस फोरम की बैठक न्यायपालिकाओं के बीच बातचीत और न्याय देने की प्रक्रिया के आदान प्रदान को मंच देने के लिए की जा रही है।


### 15 सितंबर से बंद हो सकता है दुकानदारों का यूपीआई

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट लेने में मदद करने वाली कंपनियों ने रिजर्व बैंक से दुकानदारों की री-केवाईसी के लिए तय 15 सितंबर की समयसीमा को आगे बढ़ाने की अपील की है। वजह यह है कि देश के लाखों छोटे-बड़े दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों का वेरिफिकेशन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अगर आरबीआई ने री-केवाईसी की आखिरी तारीख नहीं बढ़ाई, तो लाखों दुकानदारों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम बंद हो सकता है। इससे जब आप दुकानों, ठेलों या ऑनलाइन कोई सामान खरीदेंगे, तो यूपीआई या कार्ड से पैसे भेजने में दिक्कत आएगी और डिजिटल पेमेंट की सर्विस ठप हो सकती है।

### मायावती ने एक्स पर लिखा धनवान सरकार की गरीब जनता

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश की जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों पर शुक्रवार को तंज किया। उन्होंने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8% जीडीपी ग्रोथ के सरकारी दावों को लेकर देश में बहस छिड़ी हुई है। महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रही जनता हैरान है कि वह किस पर भरोसा करे। मायावती ने कहा कि अगर सरकार के दावे सही हैं तो अच्छी बात है, लेकिन यदि ये 'जुगाड़ के आंकड़े' हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस विकास दर का लाभ देश की गरीब और मेहनतकश जनता को कैसे मिल रहा है। जीडीपी ग्रोथ का लाभ आम लोगों को क्यों नहीं मिल पा रहा है।

### तमन्ना भाटिया के छठ पूजा सीन ने मचाया तहलका



**सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'द वन' में दिखेगा बिहार का रंग**

**मुंबई।** बॉलीवुड में त्योहारों को पर्दे पर उतारने की परंपरा बहुत पुरानी है, लेकिन इस बार हिंदी सिनेमा में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'द वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में पूर्वांचल और बिहार के सबसे बड़े लोकपर्व छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को बेहद खास तरीके से दिखाया जाएगा। हाल ही में जारी टीजर में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को पारंपरिक लाल साड़ी और लंबे सिंदूर में नदी किनारे सूर्यदेव को अर्घ्य देते हुए देखा गया है। फिल्म में छठ पूजा का दृश्य केवल किसी त्योहार को दर्शाने के लिए नहीं, बल्कि पूरी कहानी के केंद्र बिंदु के रूप में शामिल किया गया है। यह थ्रिलर फिल्म पटना के निकट स्थित एक प्राचीन 'वन देवी मंदिर' और उससे जुड़े घने जंगलों के रहस्यमयी इतिहास पर आधारित है। फिल्म की पटकथा पूरी तरह से बिहार की पौराणिक मान्यताओं और सांस्कृतिक कथाओं पर आधारित है। निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा और सह-निर्माता अरुणाभ कुमार दोनों बिहार से ताल्लुक रखते हैं। वे अपनी जन्मभूमि की समृद्ध परंपराओं और लोकपर्व को बड़े पर्दे पर जीवंत करना चाहते थे। घाट पर पूजा के दौरान घटित होने वाली एक अनहोनी घटना फिल्म में आगे आने वाले बड़े ट्विस्ट का संकेत देती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म 25 सितंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### नैनो न्यूज

- **मथुरा जन्माष्टमी** : कान्हा के जन्मोत्सव के उल्लास में डूबा ब्रज, श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रद्धालुओं का हुजूम।
- **कुवैत** : तमिलनाडु की महिला ने प्रताड़ना का आरोप लगाया, वीडियो में कहा- 50 दिन से ठीक से खाना नहीं खाया, 2 महीने की सैलरी नहीं मिली।
- **वाशिंगटन** : ईरान ने यूएस को चिढ़ाया- हबीबी अंकल सैम, ईरान आओ, दूतावास ने होर्मुज में माइनस्वीपर गेम का वीडियो पोस्ट किया।
- **जम्मू-कश्मीर** : बडगाम में एक आतंकी ढेर, कल से चल रहा सेना का ऑपरेशन, दूसरे आतंकी की तलाश जारी, एक एके राइफल भी मिली।
- **मुंबई** : अस्पताल में लगी आग, 9 नवजात बचाए गए, बच्चों की ट्रॉली के पास धुआं-चिंगारी, स्टाफ ने खींचकर निकाला।
- **मुंबई** : सेंसेक्स 362 अंक चढ़कर 76515 पर बंद, निफ्टी 24 अंक चढ़ा, मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई।
- **राउरकेला** : रेल कर्मचारी ने कन्फर्म ट्रेन टिकट देने का झांसा देकर 20 साल की युवती से किया रेप, आरोपी गिरफ्तार।

दिल्ली में भारी बारिश से इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भराया, उड़ानें भी हुई प्रभावित

# प्रदेश में 48 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी

## मंदाकिनी और नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, यूपी के 23 जिलों में बाढ़, 16 हजार का रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार दोपहर भारी बारिश से इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भर गया। बारिश के चलते उड़ानों पर भी असर पड़ा। अहमदाबाद, मुंबई और पोर्ट ब्लेयर से आने वाली उड़ानें देरी से दिल्ली पहुंचीं। एयरपोर्ट परिसर के कई हिस्सों में पानी जमा होने से यात्रियों को परेशानी हुई।

उधर, उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। वाराणसी और चित्रकूट सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। अब तक 16 हजार से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

मध्य प्रदेश में मंदाकिनी और नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, छतरपुर, सतना, मंडला, मैहर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। श्योपुर में रघुनाथपुर का रास्ता




पानी भरने से बंद है। मोरडूंगरी नदी में नहाते समय एक युवक बह गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

बिहार के 16 जिलों में बाढ़ से करीब 5 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत 8 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए पटना सुरक्षा दीवार के सभी 108 रास्तों को बंद कर दिया गया है, ताकि नालों के जरिए शहर में पानी न घुसे।

### भारतीय सेना ने नाले में बह रही किशोरी को बचाया

- भारतीय सेना के जवानों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मेंढर नाले में पाकिस्तान की तरफ बह रही एक किशोरी को बचाया।
- यह घटना दोपहर करीब 1.30 बजे हुई, जब फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात संतरी ने 14 से 16 साल की एक अनजान लड़की को मेंढर नाले में बेहोशी की हालत में बहते हुए देखा।
- बलनोई बटालियन के एक सेना जवान ने तुरंत नदी में छलांग लगाई और लड़की को पानी से बाहर निकाला। बचाई गई लड़की की पहचान बलनोई की रहने वाली गुलसैद की बेटी उजमा कौसर के तौर पर हुई है। उसके परिवार को सूचना दे दी गई है।

# 36 हजार किमी से तस्वीर लेने वाला पहला भारतीय सैटेलाइट लॉन्च

## पाकिस्तान-चीन पर लगातार नजर रखेगा

एजेंसी ▸▸ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गुरुवार देर रात 2.55 बजे ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया।

एडर-05 करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में रहकर तस्वीरें लेगा। ऐसा करने वाला भारत का यह पहला सैटेलाइट है। इससे पहले भारत के सभी इमेजिंग सैटेलाइट निचली कक्षा में थे।

ईओएस-05 भारत और आसपास के बड़े इलाकों की लगातार तस्वीरें भेज सकेगा। इससे पाकिस्तान-चीन सीमा समेत संवेदनशील और रणनीतिक इलाकों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। सैटेलाइट का इस्तेमाल बाढ़, चक्रवात और दूसरी



प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी के लिए भी किया जाएगा। इससे आपदा की स्थिति का जल्दी पता लगाने और समय पर चेतावनी देने में मदद मिलेगी। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि संगठन का इस साल छह और मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य है। करीब आठ महीने बाद इसरो का यह पहला लॉन्च है। इससे पहले जनवरी 2026 और मार्च 2025 में उसके दो मिशन सफल नहीं हो पाए थे। जीएसएलवी-एफ17 भारत के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल कार्यक्रम की 19वीं उड़ान थी।

# यूके में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का वेलकम





एजेंसी ▸▸ लंदन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत तीन देशों के दौरे के आखिरी चरण में गुरुवार को लंदन पहुंचे। संघ के शताब्दी समारोह के तहत अमेरिका और कनाडा के बाद उनका ब्रिटेन में कार्यक्रम है। आरएसएस प्रमुख के इस सप्ताह के आखिर में ब्रिटेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करने की उम्मीद है। इस बीच ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के अहम नेता ने मोहन भागवत की यात्रा का समर्थन दिया है। कंजर्वेटिव पार्टी से 5 बार के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा है कि उन्हें संगठन के भविष्य पर आरएसएस चीफ के विचार सुनकर खुशी हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ब्लैकमैन ने कहा, आज शाम आरएसएस चीफ डॉ. मोहन भागवत द्वारा आरएसएस के भविष्य के लिए रखे गए विचारों और सोच को सुनकर खुशी हुई।

# सीजेपी कार्यकर्ता के पिता को पीटने वाला आरोपी हिरासत में

## दिल्ली पुलिस ने बुलंदशहर से पकड़ा, दिल्ली में कॉकरोच पार्टी के धरने के बाद एक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता के साथ मारपीट करने वाले स्वतंत्र भारद्वाज उत्तर प्रदेश के बुलंद शहर से पकड़े गए। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

पकड़े जाने से पहले स्वतंत्र ने हसनपुर में मीडिया से करीब 3 मिनट तक बात की और कहा- मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। चाहे पूरा विपक्ष एकजुट हो मेरा बाल बांका नहीं कर सकता। स्वतंत्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीजेपी ने शुक्रवार को दिल्ली के संसद मार्ग थाने में 3 घंटे प्रदर्शन किया था। हालांकि पुलिस के आश्वासन के बाद धरना खत्म हुआ।



दरअसल नीशू का आरोप था कि 23 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान उनके पिता संजय के साथ मारपीट की गई। इस बीच स्वतंत्र का एक पॉडकास्ट वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह संजय पर हमला करने की बात कबूल करता नजर आया। हालांकि, उसने कहा कि उसने ऐसा सेल्फ डिफेंस में किया था। इस पर सौरव दास ने सवाल उठाया कि जब आरोपी खुद हमला करने की बात स्वीकार कर रहा है तो पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है।


प्रकरण में नाम आने पर मांगी थी पांच लाख रुपए की रिश्वत

# मंदसौर के नारकोटिक्स उपनिरीक्षक को 5 साल की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मंदसौर में रिश्वत लेने के मामले में आरोपी मधुसूदन पाठक, तत्कालीन उपनिरीक्षक, (सीबीएन) को दोषी करार देते हुए न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी को अधिनियम की धारा 13(1)(डी) के तहत 5 वर्ष की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 8 के तहत 4 वर्ष की सजा एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन मीडिया प्रभारी एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बलराम सोलंकी के अनुसार, 30 जुलाई 2016 को नारकोटिक्स प्रकोष्ठ मंदसौर विंग इंदौर द्वारा राजस्थान निवासी सुखलाल कुमावत के विरुद्ध अफीम प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान सुखलाल ने पप्पू पंडित उर्फ कमलदास बैरागी का नाम लिया था।




अमेरिकी राजदूत ने कहा- पीएम मोदी उन नेताओं में सबसे ऊपर, जिनसे ट्रम्प मिलना चाहते हैं

# भारत-अमेरिका रिश्तों से दूसरे देश जलते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों से कई दूसरे देश जलते हैं।

गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी को अपना दोस्त मानते हैं और दिसंबर में होने वाले जी20 समिट के दौरान जिन नेताओं से वह मिलना चाहते हैं, उनमें मोदी का नाम सबसे ऊपर होगा।

### मोदी-ट्रम्प की अलग मुलाकात संभव

- सर्जियो गोर ने इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में कहा कि ट्रम्प और मोदी के बीच अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते हैं। ऐसे में दिसंबर में जी20 समिट के लिए मोदी के फ्लोरिडा पहुंचने पर दोनों नेताओं की अलग से मुलाकात भी हो सकती है।
- हालांकि, मोदी और ट्रम्प के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। गोर ने ट्रम्प के 2027 में भारत दौरे की संभावना के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि ट्रम्प 2020 में अपनी भारत यात्रा को अब भी याद करते हैं।



- अमेरिकी राजदूत के मुताबिक, जब भी ट्रम्प भारत की बात करते हैं तो वह यहां के लोगों से मुलाकात और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने रिश्तों को याद करते हैं।
- गोर ने कहा कि अगला साल आने में ज्यादा समय नहीं है। हालांकि, उन्होंने ट्रम्प के भारत दौरे की कोई तारीख या आधिकारिक कार्यक्रम नहीं बताया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### कड़वे लेकिन धरातल के सवाल

वर्तमान राजनीतिक परिवेश में सत्ता पक्ष में शामिल होना यानिकी जो कुछ भी हो दल के पक्ष में ही बात की जाएगी। हर बात और काम को सही ठहराया जाना ही होगा। अन्यथा आपको विद्रोही करार दिया जाना तय है। महाआयोजन के लिए शहर को तैयार करने का काम नगर की संस्था कर रही है। इसमें हाल ही में कुछ धर्मस्थलों को लेकर हटाने का मसला भी जारी है। जारी इन मसलों में से एक को लेकर शहर की संस्था के एक माननीय ने दल के दल-दल में कड़वे सवालों को छोड़ दिया है। सवालों के कसैलेपन से खासी कडवाहट फैल रही है लेकिन कोई भी इन सवालों के जवाबों को लेकर बात करने को तैयार नहीं है। यानिकी सवाल निशाने पर बैठे हैं। शहर की संस्था के माननीय ने अपने ही दल के शहर के प्रथम नागरिक से पत्र लिखकर सवालों में पूछा है कि दोनों मंदिरों को जिस जगह स्थानांतरित किया जा रहा है, उस जगह पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्रस्तावित है। ऐसे में यहां मंदिरों का निर्माण कैसे करवा रहा है? क्या शहर की संस्था के प्रमुख की संस्था या परिषद् ने इस जमीन मंदिरों का आवंटित कर दी है? यह प्रश्न भी उठाया गया है कि धार्मिक स्थलों को हटाने, विस्थापन करने, नवनिर्माण करने की अनुमति देने का अधिकार क्या शहर की संस्था को है? मौजूदा समय में टंकी चौक पर निर्माण किसकी सहमति से किया जा रहा है? मंदिर में जो तोडफोड़ हुई है, वह किसके आदेश और सहमति से हुई है? जिन धार्मिक स्थलों को हटाया गया या हटाया जाना है, उसकी स्थिति स्पष्ट कीजिए? मंदिर को हटाने में शहर की संस्था की भूमिका स्पष्ट की जाना चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय में शहर की संस्था में ट्रीपल इंजन सरकार हैं। खुसूर-फुसूर है कि शहर की संस्था प्रमुख से माननीय के सवाल कड़वे हैं लेकिन हैं धरातल के और निति सम्मत और विधि सम्मत हैं। ऐसे में कई सारे मसलों की उलझनों का भी निदान यहीं निकल जाएगा अन्यथा बाद में पलड़ा इधर-उधर होने पर उलझन होने पर उलझने की स्थिति भी आ सकती है। सवालों को कई नजरियों से देखा जा रहा है जिनमें से एक मित्र के नाते सतर्क करने का संदेश देने वाले सवालों के दायरे से देखा जा रहा है तो एक शुभचिंतक के नाते कड़वे सवालों से संभालने के हाल हैं।

## नैनो न्यूज

- बेटी की विदाई के साथ मायके में रोपे जा रहे आम के पौधे, ह्यएक पेड़ बिटिया की छांवह्ल जनकल्याण सामाजिक समिति अभियान की अनूठी पहल
- भाजपा शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी हुई चर्चा
- भारतीय नौसेना में 15 वर्षों तक बेहतर सेवाएं देकर सेवा निवृत्त हुए पेटी ऑफिसर हेमेंद्रसिंह सोलंकी का घर लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
- श्रीअन्न के उपयोग से बनेगा स्वस्थ समाज, माधव विज्ञान कॉलेज में सजे मिलेट्स व्यंजनों के स्टॉल, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर आईक्यूएसी और ईको क्लब का आयोजन
- निर्मला महाविद्यालय में मनी जन्माष्टमी, विद्यार्थियों ने फोड़ी मटकी, विजेता दल पुरस्कृत, श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान
- प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में 151 तुलसी के गमलों और 500 मटकियों से सजेगा दरबार, फ्रीगंज की पहली राधा-कृष्ण प्रतिमा का होगा विशेष श्रृंगार बछबारस पर भक्तों को बांटे जाएंगे पौधे
- काशी में ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल को मिला सम्मान, वाराणसी के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 200 विद्वानों के बीच रखा वनस्पति से ग्रह शांति का शोध
- कंठाल में नाली पर अतिक्रमण कर चबूतरा बनाने का विरोध, रहवासियों ने लगाया गुंडागर्दी का आरोप, सरकार विस्थापित मंदिरों को दे रही जगह फिर भी सड़क चौड़ीकरण में बन रहे बाधा

## ट्रेंडिंग




बेटी की पढ़ाई के लिए नंगे पैर दौड़ी मां, मैराथन में जीते 3 हजार रुपये

समान ड्रग देकर पूर्ति करने का मरीज दे रहे हवाला

# मुफ्त दवा योजना के स्टाक में कुछ दवाएं गायब!

### कुछ दवाएं बाहर की लिखने का भी बताया जा रहा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

प्रदेश में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना वर्ष 2011 से संचालित की जा रही है। इसे जीवन अमृत योजना के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में योजना में कुछ दवाइयों के जिला मुख्यालय एवं अन्य केंद्रों पर कमी को लेकर बराबर मरीज एवं उनके परिवार हवाला दे रहे हैं। जिसे लेकर अस्पताल का स्टाफ या तो वैकल्पिक दवा दे रहा है या ऊपर से ही नहीं मिलने का हवाला दे रहा है।

जिले के बड़े अस्पतालों से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों तक जरूरी दवाओं की कमी बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक कई अस्पतालों में कभी कुछ तो कभी कुछ आवश्यक दवाओं का स्टॉक उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में डॉक्टरों को भी मजबूरी में मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की सलाह देनी पड़ रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों के स्तर के अनुसार आवश्यक दवाओं की सूची और उपलब्धता का प्रावधान तय किया है। अस्पताल भंडार से जुड़े सूत्र दबी जुबान में ही इसे स्वीकार करते हैं लेकिन उसे लेकर खुलकर कुछ भी नहीं बोलते हैं। प्रबंधन दवाओं की कमी स्वीकार तो करते हैं, लेकिन इसके कारणों और जिम्मेदारी को लेकर खुलकर बोलने से बचते नजर आते हैं।

### दबी जुबान में ये कारण

दवाओं की कमी के पीछे बजट, टेंडर प्रक्रिया में देरी, सप्लाई में व्यवधान और समय पर इंडेंट नहीं भेजे जाने जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इनमें भोपाल से खरीदी, अस्पताल को 20 फीसदी स्थानीय खरीद की छूट- प्रदेश में सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं की खरीद मुख्य रूप से दो स्तरों पर होती है। राज्य स्तर पर भोपाल से केंद्रीकृत खरीद के जरिए अस्पतालों को दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं तत्काल जरूरत की स्थिति में अस्पतालों को निर्धारित सीमा तक स्थानीय खरीद की अनुमति है, ताकि जरूरी दवाओं की कमी दूर की जा सके।



### कहां कितने प्रकार की दवाई मिलना चाहिए

आरोग्य उपकेंद्र में करीब 106 से 113, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 172 से 179, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 300 से 301, उप जिला अस्पताल में 318 और जिला अस्पताल में 381 आवश्यक दवाओं की उपलब्धता का प्रावधान है। मेडिकल कॉलेज में इससे भी अधिक दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए।

### 3 माह पूर्व मांग का नियम

अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि व्यवस्था के अनुसार दवाओं का स्टॉक खत्म होने से पहले आगामी करीब तीन माह की जरूरत का इंडेंट भेजा जाना चाहिए, ताकि सप्लाई बाधित न हो। इसके बावजूद यदि समय पर मांग नहीं भेजी जाती है तो डॉक्टरों को अनावश्यक रूप से बाहर की दवाएं लिखने से बचने के निर्देश हैं।

### मजबूरी में बाजार का रास्ता

सरकारी अस्पताल के चिकित्सक नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि वैसे तो हम स्टाक की जानकारी लेकर ही दवाएं लिखते हैं। कुछ मामलों में उपलब्धता की स्थिति देखकर वैकल्पिक दवा लिखते हैं। इसके बाद भी कुछ मामलों में कमी की स्थिति ही हो तो ऐसे में स्टोर में दवा उपलब्ध नहीं होने पर उपचार प्रभावित न हो, इसके लिए मरीज या उसके परिजनों को बाजार से दवा लेने की सलाह देनी पड़ती है। **जनमानस का करंट सवाल-** जब दवाओं की सूची तय है, इंडेंट की व्यवस्था है और ऑनलाइन निगरानी भी है, तो फिर अस्पतालों में तय दवाओं में से कुछ गायब क्यों हैं?

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आज जन्माष्टमी का रहेगा उल्लास

# मीरा के साथ श्री कृष्ण का अनूठा मंदिर






**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं सभी को मोह लेती हैं और कृष्ण के बालरूप से लेकर वृषभानकुमारी राधा संग रास करते हुए कई विग्रह देश व विदेशों के विभिन्न मंदिरों में शोभायमान हैं किन्तु अपनी परमभक्त मीरा के साथ कृष्ण का एकमात्र अनूठा मंदिर बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में है।

**मीरा की भक्ति को समर्पित अनूठा मंदिर-** 16वी शताब्दी की महान संत व कवयित्री मीराबाई की कृष्ण के प्रति भक्ति अप्रतिम है। चित्तौड़ राजघराने की बहू मीराबाई की भक्ति मे माधुर्य व विरह भाव दोनों ही दर्शन समाहित हैं। मीराबाई ने सदैव ही स्वयं को भगवान कृष्ण की दासी माना और अपने अंत समय तक वे कृष्ण भक्ति में लीन रहीं। अपने अंतिम समय मे वे द्वारका में भक्ति करती हुई वहीं पर कृष्णमय होकर बैकुंठ लोक गमन कर गईं। मीराबाई के कृष्ण प्रशस्ति में लिखे पद व कविता हमारी समृद्ध साहित्य विरासत है।

### बैंगलोर के पुष्प बढ़ाएंगे शोभा

पंडित अविनाश बटवाल ने दैनिक अवन्तिका से चर्चा करते हुए बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी पर मंदिर की शोभा बढ़ाने हेतु आकर्षक पुष्प बैंगलोर से मंगाए गए हैं। मंदिर मे कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। जन्माष्टमी के दिन प्रातः से ही पूर्ण विधि-विधान से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मीरा के अगाध प्रेम व अनुराग को देखते हुए श्रीकृष्ण की शिक्षा- स्थली की पावन धरा के पवांसा क्षेत्र में अब्दालपुरा निवासी कृष्ण आराधक विदुषी लक्ष्मीबाई व्यास ने सन 1972 मे मीरा- माधव मंदिर की स्थापना की। ये मंदिर अपने आप में अद्वितीय है और देश का एकमात्र भक्त-भगवान का मंदिर है। यहां माधव के समीप ही मीराबाई तानपुरा लिए हुए खड़ी हैं। मंदिर के पुजारी अविनाश बटवाल ने बताया कि मेरी नानी धर्मनिष्ठ लक्ष्मीबाई ने जयपुर से श्वेत संगमरमर की पाषाण प्रतिमा मंगाकर इस मंदिर मे धार्मिक रीति से प्रतिष्ठापित की थी। कुछ ही समय मे मंदिर जनआस्था का केन्द्र बन गया और आज दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर मीरा-माधव के दर्शन करते हैं।

## मां श्रीयादे माता मंदिर एवं धर्मशाला तीर्थस्थल रामघाट पर भूमिपूजन सम्पन्न



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

समस्त प्रजापति समाज कि अराध्यदेवी माँ श्री यादे माता मंदिर एवं धर्मशाला तीर्थस्थल रामघाट पर सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के चलते नगर निगम द्वारा मार्ग चौड़ीकरण किया गया है। जिससे उक्त धर्मशाला का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हुआ है। उक्त आराधना स्थल को पुनः मूल स्वरूप में लाने एवं शेष भाग के जिर्णोद्धार के लिए सभी समाज बंधुओं ने यथाशक्ति तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया है।

जानकारी देते हुए प्रजापति चौरासी संघ के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अशोक प्रजापत ने बताया कि इस हेतु प्रजापति समाज की बैठक का आयोजन श्रीयादे माता मंदिर एवं धमशाला तीर्थस्थल रामघाट उज्जैन में किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक मुरली मोरवाल द्वारा की गई। प्रजापत ने अपने उद्बोधन में बताया कि श्रीयादे माता मंदिर एवं धर्मशाला प्रजापति समाज की धरोहर है एवं विगत कई वर्षों से प्रजापति चौरासी संघ उक्त स्थल का रखरखाव करता आ रहा है। समाज के अनेक प्रकार के कार्यक्रम जिनमें सामूहिक विवाह सम्मेलन, परिचय सम्मेलन एवं मेद्यावी विधार्थी सम्मान, श्रीयादे शीतला सप्तिमी महोत्सव आदि यही सम्पन्न होते आए है। संघ के संरक्षक बद्रीलाल चावड़ा ने बताया कि इस कार्य को सम्पन्न करने हेतु 21 सदस्यों की एक समिति गठित की गई है। मुरली मोरवाल, अशोक उदयवाल, राधेश्याम बेतडलिया, दिनेश कुंभकार, लीलाधर ब्रहम, किशोर तनोडिया, लक्ष्मीनारायण नंदवाना, रमेश मुन्नालाल, रवि प्रजापत, रामप्रसाद सरोठिया, दिनेश भैरूगढ, जगदीश नगरिया, अशोक बेतडलिया, पारस बिलोटिया, अम्बाराम प्रजापत, दुलिचंद्र कवि, दुलिचंद्र एल्डरमैन, जितेन्द्र चावडा, राहुल देवलिया, आदि को शामिल किया गया है। इस अवसर पर मुरली मोरवाल को संरक्षक एवं लीलाधर ब्रह्म को महासचिव नियुक्त किया गया जिसका सभी उपस्थितजनों के पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

किसानों को बीमा के मामले में समस्या निदान का सिर्फ आश्वासन मिला

# किसानों की समस्या निदान के 3 दिन टले 13 पर

## अब पखवाड़े पर चली गई बात,भोपाल से बीमा कंपनी के अधिकारी को भी बुलाया जाएगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

हाल ही में किसान संघ ने अपनी समस्याओं के निदान के लिए कलेक्टोरेट पर अनिश्चितकालीन धरना दिया था। प्रारंभिक दौर में समस्या निदान होने तक धरना स्थल पर ही दाल बाटी बनाकर खाने और वहीं रहने की बात कही गई थी लेकिन दिन ढलते-ढलते तीन दिन का आश्वासन मिला और उसके बाद 3 दिन का मामला टलते-टलते 13 दिन पर पहुंच गया है।

उज्जैन सहित कुछ जिलों में किसानों ने बीमा सहित अन्य प्रमुख समस्याओं के साथ ही स्थानीय समस्याओं को लेकर बीते माह के अंतिम सप्ताह में अनिश्चितकालीन धरना दिया था। किसानों की मुख्य मांग बीमा से संबंधित है। भारतीय किसाना संघ के बैनर तले उज्जैन के सिंहस्थ मेला कार्यालय के बाहर जिले के किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना दिया था। इसमें सैंकडों किसान जिले भर से शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। जिसमें प्रमुख एवं स्थानीय स्तर की मांगों का ज्ञापन शामिल थी। धरना वाले दिन शाम को पहले सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाया गया था और बाद में समस्याओं के निराकरण के लिए 3 दिन का समय दिया गया था जिस पर किसान संघ के नेताओं ने सहमति दी थी।

### बैठक समय पर हुई पर निदान टला



किसान संघ से जुडे नेता बताते हैं कि तीन दिन के समय में बराबर किसान प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर के साथ हुई थी। इसमें जिले के प्रमुख विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। अहम मसला बीमा कंपनी से संबंधित था लेकिन उसकी और से ही कोई अधिकारी इसमें नहीं था। ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर बैठक को एक पखवाडा में 15 सितंबर तक रखते हुए इसमें प्रदेश स्तर यानिकी भोपाल से बीमा कंपनी के बडे अधिकारियों को बुलाने की बात रखी गई थी।

### 3 दिन से 13 दिन पर आ गया मामला

किसानों ने 24 अगस्त को अनिश्चितकालीन धरना दिया था। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में यह धरना देते हुए पूरे जोश खरोश से जिले के किसान प्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को बुलाया गया था। अनिश्चितकालीन धरना उसी शाम को 3 दिन के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया था। इसके बाद मामला अब भी वहीं का वहीं है और 13 दिन बाद पर टल गया है।

### ये थी प्रमुख मांग

1. उज्जैन जिले की सभी तहसीलों के गावों में खरीफ 2025 की सोयाबीन फसल खराब हुई थी। सर्वे भी प्रशासन ने तहसील स्तर पर दल गठित कर करवाया था । रिपोर्ट के आधार पर जिले में बीमा रशि भी प्राप्त हुई । लेकिन कई ऐसे गांवों को जहां नुकसान हुआ था उन्हें बीमा राशि से वंचित कर दिया गया।
2. फसल के नुकसान के लिए सैटेलाईट डाटा को आधार मानकर क्लेम देने की पद्धति पर तुरंत रोक लगाई जाए।
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का कार्यालय तहसील स्तर पर हो एवं यहां जवाबदार कर्मचारी नियुक्त किया जाए।
4. जिले की सभी तहसीलों में जहाँ सिंचाई की कमी है ऐसे गांव में नर्मदा सिचाई पाईप लाईन विछाई जाए।

**पश्चिमी रेलवे**

**सिग्नल और दूरसंचार कार्य**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, रतलाम, निविदा सूचना क्रमांकः **एस एंड टी/सी/आरटीएम/124आर/2026-27, दिनांकः 31.08.2026** आमंत्रित करता है। कार्य का नामः रतलाम मंडल के चिंतामन गणेश और नईखेरी स्टेशनों पर हॉट स्टैंडबाय इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई-इंटरलॉकिंग) प्रणाली की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परिवर्तन/संशोधन, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें विभिन्न इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग प्रणाली और गियर की आपूर्ति, स्थापना, उपयोगिता स्थानांतरण, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है, जो चिंतामन गणेश पर अतिरिक्त लूप लाइन के निर्माण, एलसी-7 को बंद करने और पश्चिम रेलवे (एमपी) के नईखेरी और चिंतामन गणेश स्टेशनों के बीच उज्जैन बाईपास लाइन के संबंध में है। **कार्य की अनुमानित लागतः** 4,95,78,970/- रुपये। **अनुमानित लागत प्रबंधन राशिः** 9,91,600/- रुपये। **निविदा प्रारंभ तिथिः** 16.09.2026। **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 30.09.2026 दोपहर 3:00 बजे। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0543

facebook.com/WesternRly










## न्यूज ब्रीफ

### पुस्तकालय को अपडेट करने के लिए न्यू अराइवल कॉर्नर बनेगा

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार गुरुवार सुबह ओपीडी समय में ही शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय इंदौर का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने संस्थान में आने वाले मरीजों से भी चर्चा की और उनसे उपचार के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने संस्थान के अधीक्षक और प्राचार्य को निर्देश दिये कि महाविद्यालय और चिकित्सालय में यूपीआई सिस्टम लागू करें। चिकित्सालय की ओपीडी में नगद भुगतान के साथ ही विकल्प के रूप में यूपीआई की व्यवस्था शीघ्रता से सुनिश्चित करें। उन्होंने ओपीडी की दवाई वितरण का रजिस्टर देखा और उपचार के लिये आने वाले मरीजों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि चार अलग-अलग स्थानों पर मरीजों को वार्ड में रखने के बजाय एक ही वार्ड में रखना सुनिश्चित करें।

### शिक्षक दिवस पर 33 उत्कृष्ट शिक्षकों का होगा राज्य स्तरीय सम्मान

**इंदौर।** प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में होगा। 5 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, जनजातीय कार्य लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह और खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग विशेष अतिथि होंगे। शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में प्रदेश भर से चयनित 33 उत्कृष्टशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### कंटेनर से लगभग 55 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब जप्त

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर इंदौर आबकारी विभाग द्वारा बायपास क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीम ने एक कंटेनर की जांच के दौरान हरियाणा निर्मित शराब की सैकड़ों पेटियां बरामद की हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख रुपये है। शराब को जब्त कर कंटेनर को अभिरक्षा में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में शराब के अंतरराज्यीय अवैध परिवहन एवं तस्करी से जुड़े गिरोह के पदार्फाश होने की संभावना है। विभाग द्वारा शराब के स्रोत, गंतव्य तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। मामले में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## 87 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**इंदौर।** स्वर्गीय महिपाल सिंह डोडिया की पुण्यस्मृति में डोडिया परिवार, मो. युसूफ गौरी, नर्सिंग ऑफिसर ब्लड सेंटर एम.वाय.एच. एवं हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में राधा मंगलम रिसोर्ट, ताल, जिला रतलाम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में कुल 87 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त संग्रहण के लिए स्टेट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड सेंटर, डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज एवं एम.वाय. हॉस्पिटल, इंदौर की टीम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे, गर्भवती महिला अथवा आकस्मिक स्थिति में जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों ने स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

## नैनो न्यूज

- **देवास मंडी में तिल चमका-** देवास मंडी में तिल के भाव 5,350 से 9,680 रुपए क्विंटल तक रहे। गेहूं लोकवन 2,930 से 2,989 रुपए रहा।
- **सोयाबीन में भाव अंतर-** देवास मंडी में सोयाबीन के भाव 1,750 से 7,110 रुपए क्विंटल तक दर्ज हुए। सरसों 3,670 से 6,915 रुपए रही।
- **मंडी व्यापार पर हड़ताल असर-** प्रदेश की मंडियों में व्यापारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होने से कृषि कारोबार प्रभावित हुआ।
- **सुसनेर मंडी प्रशासन सक्रिय-** आगर-मालवा जिले में सुसनेर कृषि उपज मंडी समिति संचालित है। जिले की मंडी व्यवस्था में सुसनेर महत्वपूर्ण कृषि व्यापार केंद्र बना हुआ है।
- **मंडी गेट पर छात्रों का ताला-** शाजापुर कृषि उपज मंडी के बाहर जाम से परेशान स्कूली छात्रों ने मंडी गेट पर ताला लगाकर यातायात समस्या के खिलाफ प्रदर्शन किया।
- **मंडी व्यवस्था से किसान परेशान-** शाजापुर कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाओं को लेकर किसान और व्यापारी पहले भी नाराजगी जता चुके हैं। मंडी के बाहर जाम बड़ी समस्या बनी।
- **रतलाम मंडी में लहसुन महंगा-** रतलाम मंडी में लहसुन के भाव 2,450 से 22,270 रुपए क्विंटल तक दर्ज हुए।

18 महीने बाद भाजपा इंदौर नगर कार्यसमिति की घोषणा

# पुराने दिग्गजों से लेकर नए चेहरों तक को मिला स्थान

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के पुत्र मंदार महाजन भी नगर कार्यसमिति में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

भारतीय जनता पार्टी इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नगर अध्यक्ष बनने के करीब 18 महीने बाद आखिरकार नगर कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। पार्टी की ओर से नगर कार्यसमिति के साथ ही स्थायी आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची भी जारी की गई है। लंबे समय से कार्यसमिति की घोषणा का इंतजार किया जा रहा था। जारी सूची में इंदौर की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है।



नगर कार्यसमिति में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व पदाधिकारियों, मौजूदा पार्षदों और जमीनी स्तर पर सक्रिय नेताओं को भी शामिल किया गया है। सूची में पोरवाल परिवार से जुड़े राकेश उत्सवचंद्र पोरवाल, पूर्व विधायक लालचंद मित्तल के पुत्र राजेंद्र लालचंद्र मित्तल तथा श्रीवल्लभ शर्मा परिवार से जुड़े दीपक श्रीवल्लभ शर्मा को भी स्थान मिला है। वहीं पार्षद सुरेश कुरवडे सहित कई मौजूदा पार्षदों को भी नगर कार्यसमिति में शामिल किया गया है। नगर कार्यसमिति की सूची में सबसे चर्चित नामों में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के पुत्र मंदार महाजन का नाम भी शामिल है। उन्हें नगर कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

सुमित्रा महाजन इंदौर की राजनीति में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका में रही हैं, ऐसे में उनके पुत्र को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है नगर कार्यसमिति की सूची में कमल यादव का नाम भी खास चर्चा में है। मुसाखेड़ी क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके कमल यादव को भी अब भाजपा की नगर कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। चुनावी राजनीति में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर चुके कमल यादव को संगठन की नगर कार्यसमिति में जगह मिलना भाजपा के अंदर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 18 महीने बाद बनी टीम, अब संगठन की गतिविधियों पर नजर

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में करीब 18 महीने बाद घोषित हुई इस कार्यसमिति में वरिष्ठता, राजनीतिक अनुभव, पार्षदों और अलग-अलग



क्षेत्रों में सक्रिय नेताओं के बीच संतुलन बनाने का प्रयास दिखाई देता है। अब इस नई टीम के साथ भाजपा इंदौर में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी।

## गौ माता को छप्पन भोग लगाया, श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

यादव अहीर युवा स्ट्रांग ग्रुप एवं समस्त यादव अहीर समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का पर्व शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। वृहद पौधारोपण एक पौधा मां यशोदा के नाम एवं यादव समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज जनों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद शिवम यादव ने बताया कि जन्माष्टमी पर संस्था संरक्षक पूर्व पार्षद केके यादव का जन्माष्टमी पर जन्मदिन मनाया गया और सेवा कार्यों का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर सांवेर रोड स्थित सनी रिसोर्ट पर सुबह से ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। दोपहर 12:00 से संध्या 4:00 बजे तक गौ माता को छप्पन,पौधारोपण, प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 12वीं तक के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं उन्हें उपहार, शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई।

होटल नक्षत्र से पंचकोशी ब्रिज तक 24 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण तेज

# नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया निरीक्षण, समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत पंचकोशी में आने वाले श्रद्धालुओं और आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होटल नक्षत्र से पंचकोशी मार्ग (ब्रिज) तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य नगर पालिक निगम द्वारा कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार किए जा रहे इस कार्य की गुरुवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर प्रगति देखी।

करीब 450 मीटर लंबाई और 24 मीटर चौड़ाई में विकसित किए जा रहे मार्ग पर एक साइड में लगभग 300 मीटर तक डीएलसी (उ्छउ) कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त मिश्रा ने कहा कि मार्ग निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने लेआउट के अनुसार सड़क की वास्तविक चौड़ाई की नपती सुनिश्चित करने तथा शेष निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने डीएलसी कार्य पूरा होने के बाद सड़क पर पीक्यूसी (ढदउ) निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा, ताकि पूरी परियोजना तय समयसीमा में पूर्ण हो सके और पंचकोशी मार्ग पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को इसका लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री रवि राठौर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### विकसित हुआ सुविधायुक्त उद्यान

माधव नगर अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा महापौर मद की लगभग 10 लाख रुपए की राशि से सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त उद्यान विकसित किया गया है। शुक्रवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा उद्यान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की परिकल्पना के अनुरूप शासकीय अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके परिजनों के लिए भी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी क्रम में माधव नगर अस्पताल परिसर में ऐसा उद्यान विकसित किया गया है, जहां मरीजों के परिजन कुछ समय आराम से बैठ सकें और उन्हें अस्पताल के वातावरण में भी बेहतर सुविधा एवं सुकून मिल सके। उद्यान में परिजनों के बैठने के लिए सुव्यवस्थित स्थल के साथ कुर्सियां, पेवर ब्लॉक, हरी घास, फाउंटेन, वॉल पेंटिंग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं आकर्षक लाइटिंग सहित विभिन्न कार्य किए गए हैं।

हनुमान अंश के बुंदेली गायक सुनील लोधी से मिले सीएम यादव

# सरकार देगी एक लाख रुपए की सम्मान निधि

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

फिल्म हनुमान अंश के बुंदेली गीत से चर्चा में आए सागर जिले के युवा गायक सुनील लोधी से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात की। जन्म से दृष्टिबाधित सुनील की गायकी की प्रतिभा से प्रभावित मुख्यमंत्री ने उन्हें एक लाख रुपये की सम्मान निधि देने की घोषणा की।

साथ ही उनकी आंखों की रोशनी के उपचार के लिए जरूरी सहयोग और संगीत की औपचारिक शिक्षा दिलाने में भी मदद का भरोसा दिया। सुनील लोधी ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हनुमान अंश के लिए बुंदेली में गीत गाया है। ह्यमैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डार दईह्ण गीत सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर तेजी से लोकप्रिय हुआ है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सुनील ने तंबूरा बजाकर यह गीत भी सुनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनील में बचपन से ही गायन के प्रति रुचि और प्रतिभा रही है।

सिंहस्थ की 80 फीट रोड के आड़े आया आसाराम बापू का आश्रम

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध जताया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए बनाई जा रही 80 फीट चौड़ी नई सड़क का विवाद अब आसाराम बापू के आश्रम तक पहुंच गया है। आगर रोड को सांदीपनि आश्रम होते हुए भैरूगढ़ रोड से जोड़ने के लिए वऊअ ने जो परियोजना रोड क्रमांक-34 (ग्राम भीतरी) तैयार की है, उसमें मंगलनाथ रोड स्थित आसाराम आश्रम की जमीन भी आ रही है।

प्रशासन ने आश्रम की कुल 0.1780 हेक्टेयर में से 0.0240 हेक्टेयर जमीन मांगी है। इस जमीन पर आश्रम का मुख्य गेट, बापू की कुटिया, मनोकामना सिद्ध वटवृक्ष और मंदिर स्थित है। प्रशासन ने जमीन पर निशान भी लगा दिए हैं। प्रशासन द्वारा जमीन मांगे जाने के विरोध में आश्रम प्रबंधन ने मोर्चा खोल दिया है। आश्रम के स्थानीय संचालक शिवाय सोनटक्के ने बताया कि प्रशासन का पत्र मिला था, जिसे हमने अस्वीकार कर दिया है। इसी विरोध के तहत आश्रम की ओर से बड़ा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। संस्कृति व सभ्यता अभियान से जुड़े बच्चों और 500 से अधिक अनुयायियों के हस्ताक्षर कराकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। संचालक ने कहा - यह जमीन संत श्री आसाराम गुरुकुल श्री चैतन्य सेवा समिति के नाम पर है और धार्मिक स्थल है। यहां रोज जप-अनुष्ठान होते हैं। हम जमीन नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। हमारे पास रजिस्ट्री, पावती सहित सभी दस्तावेज हैं।



### 5.76 लाख का मुआवजा भी ठुकराया

प्रशासन ने 17 जुलाई को पत्र भेजकर जमीन के बदले 5 लाख 76 हजार रुपये मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा था, जिसे आश्रम समिति ने अव्यावहारिक बताते हुए ठुकरा दिया है।बता दें कि वऊअ की योजना फाइनल हो चुकी है। प्रशासन ने इस जमीन को आगामी अनिवार्यता श्रेणी में लेकर अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी है। राजस्व अमला सक्रिय है। दरअसल, इस रोड के बनने से आगर रोड से सांदीपनि और मंगलनाथ जाने के लिए भर्तृहरि नाका-खाकचौक का लंबा चक्कर खत्म हो जाएगा और श्रद्धालु सीधे आश्रम पहुंच सकेंगे।

# महिला को जबरन वाहन में बैठाने का आरोप

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

रावजी बाजार थाना क्षेत्र के भाट मोहल्ला स्थित भाट समाज धर्मशाला के सामने एक महिला को कथित रूप से जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। महिला के विरोध करने और मदद के लिए आवाज लगाने पर आसपास मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को रोक लिया।

जानकारी के अनुसार, एक युवक महिला को अपने वाहन में बैठाने का प्रयास कर रहा था। महिला द्वारा विरोध किए जाने पर उसने मदद के लिए आवाज लगाई। इस दौरान मौके पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकताओं ने महिला को युवक से अलग किया और उसे पकड़कर रोक लिया।

घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। बजरंग दल के जिला संयोजक विजय कालखोर ने कहा कि महिलाओं के साथ जबरदस्ती, धमकी अथवा उत्पीड़न जैसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की मांग की। कालखोर ने कहा कि घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि पूरे मामले की

### लेखापाल श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस

संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार द्वारा शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय इंदौर के लेखापाल विकास श्रीवास्तव को पदीय दायित्वों में लापरवाही पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने अपने निरीक्षण के दौरान शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के लेखापाल श्री विकास श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान सत्र की केशबुक, बिल व्हाउचर्स एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। केशबुक में मार्च 2026 के बाद की प्रविष्टियां भी दर्ज नहीं पाई गईं। उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत पाये जाने पर लेखापाल विकास श्रीवास्तव को 07 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए हुआ

# ऊर्जा का स्वरूप निरंतर परिवर्तित होता रहता है

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन इंदौर में आज भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, कर्मयोग और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुचित्रा हरमलकर के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा तथा भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के दार्शनिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊर्जा का स्वरूप निरंतर परिवर्तित होता रहता है और हमारे भीतर संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा समाहित है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए हुआ। भारतीय दर्शन के अनुसार प्रत्येक युग में अवतार का उद्देश्य अव्यवस्था को व्यवस्था में परिवर्तित करना तथा धर्म की पुनर्स्थापना करना है। उन्होंने वर्तमान कलियुग के संदर्भ में भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की अवधारणा का उल्लेख करते हुए छात्राओं से आत्मचिंतन का आह्वान किया।

### सकारात्मक कृष्ण-तत्व को अपने जीवन में ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए

उन्होंने कहा कि हमारा जीवन केवल मुक्ति की आकांक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि भक्ति के माध्यम से अपने कर्म, विचार और आचरण को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कर्तव्य, सदाचार और मानवता के प्रति समर्पण का भाव भी निहित है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, कर्मयोग, कर्तव्यबोध तथा श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश को वर्तमान जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुचित्रा हरमलकर ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत के माध्यम से बताया कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी की अर्धरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में हुआ था। उन्होंने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व के आकर्षण को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिसमें सकारात्मक आकर्षण है, उसमें कृष्ण-तत्व विद्यमान है। हमें इसी सकारात्मक कृष्ण-तत्व को अपने जीवन में ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. हरमलकर ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय नृत्य एवं लोक-अभिव्यक्तियों में कृष्ण की अनेक लीलाओं को प्रस्तुत किया जाता है। इनमें कालियामर्दन एवं गोपियों के साथ रासलीला विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। कृष्ण की बांसुरी और रास के माध्यम से प्रेम, आनंद, समर्पण एवं आध्यात्मिक चेतना का संदेश अभिव्यक्त होता है। उन्होंने गोवर्धन पर्वत की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग प्रकृति के प्रति सम्मान, सामूहिकता और संरक्षण का संदेश देता है।

# जयकारे लगाते हुए कृष्ण सुदामा-धाम रवाना हुए श्रद्धालु

## नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर किया सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर**

शुक्रवार को जन्माष्टमी पर नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आलकी के पालकी जय कन्हैया लाल की नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की माखन चोर नंदकिशोर के जय घोष के जयकारे के बीच कृष्ण सुदामा धाम के धार्मिक स्थल नारायणा के लिये बसों में सवार होकर रवाना हुए।

कृष्ण सुदामा धाम कृष्ण सुदामा यात्रा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल के संयोजकत्व में निकाली गई नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर के त्रिभुवन नाथ मंदिर से बड़ी संख्या में पैदल पद यात्री मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत रवाना हुए त्रिभुवन नाथ मंदिर में संदीप व्यास ने अभिषेक किया। कृष्ण सुदामा धाम के लिये निकली यात्रा का रेल्वे स्टेश न से नागदा तिराहे तक विभिन्न समाजों के प्रमुखों व्यापारियों ने पुष्प में वर्षा कर स्वागत किया कृषि उपज उप मंडी प्रांगण में पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान सांसद अनिल फिरोजिया सहित अन्य नेताओं ने ब्राह्मण समाज के प्रमुखों ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महिदपुर के उपाध्य क्ष जैन समाज के समाज सेवी राजेश कांठेड ने किया कृषि उपज उप मंडी परिसर से सभी श्रद्धालु बसों में सवार होकर नारायणा के रवाना हुए मंडी परिसर में सभी को फलाहारी साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया गया

## न्यूज कालम



### हनुमान अंश फिल्म देखने पहुंचीं विधायक तनवे, संस्कृति-संस्कारों का दिया संदेश

**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे परिवार एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय अभिषेक सिनेमा पहुंचीं और च्हनुमान अंशज फिल्म देखी। भगवान श्री हनुमान के जीवन, संस्कार और विचारों पर आधारित फिल्म के दौरान पूरा परिवार भावविभोर नजर आया। फिल्म के प्रभाव से श्रद्धा का ऐसा माहौल बना कि भाजपा कार्यकताओं ने सम्मान स्वरूप अपने पैरों से चरण पादुकाएं तक उतार दीं। फिल्म के बाद विधायक तनवे ने कहा कि च्हनुमान अंशज केवल फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और जीवन मूल्यों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार, समर्पण और अच्छे विचारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश तनवे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एमआईएम पार्षद समेत पदाधिकारियों ने थामा कांग्रेस का हाथ



**खंडवा।** एमआईएम की पार्षद शाकिरा बिलाल पेंटर समेत पार्टी के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने सभी नवागत सदस्यों का पुष्पमाला एवं कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार शामिल होने वालों में बिलाल पेंटर, पूर्व शहर अध्यक्ष एमआईएम, मुस्तकीम तिगाला, पूर्व यूथ अध्यक्ष तथा सहाना सैय्यद साह, पूर्व सचिव महिला विंग शामिल हैं। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरान गौरी एवं विशाल जैन सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि विभिन्न दलों के कार्यकताओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के प्रति बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। उन्होंने नवागत सदस्यों से पार्टी की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### आध्यात्मिक रंग में रंगी ब्रह्माकुमारी केंद्र की जन्माष्टमी, राधा-कृष्ण की झांकियों ने मोहा मन



**सनावद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण-राधा की चैतन्य झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य से हुआ। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बालकृष्ण, माखन चोरी और रासलीला सहित श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, पवित्रता, शांति और श्रेष्ठ संस्कारों की प्रेरणा देता है। वर्तमान समय में समाज में बढ़ते तनाव और नकारात्मकता के बीच राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन में श्रीकृष्ण जैसे दिव्य गुणों को धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि सतयुगी दुनिया में जाने के लिए तीव्र पुरुषार्थ करना होगा और लक्ष्मी-नारायण बनना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने जन्माष्टमी के वास्तविक अर्थ को समझाते हुए कहा कि सच्चा उपवास अर्थात च्उप-वॉसज परमात्मा के समीप रहना है। साथ ही काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी पांच बुराइयों का त्याग करना ही सच्चे अर्थों में जन्माष्टमी मनाना है। कार्यक्रम के अंत में लता दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को सात्विक भोग वितरित कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय भाई-बहनों के साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### नगर में यादव समाज द्वारा नगर में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया



**मनावर।** यादव समाज द्वारा नगर में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया दोपहर करीब 2 बजे इंदौर रोड अस्पताल चौराहे से एक चल समारोह निकाला। चल समारोह में भगवान श्री कृष्ण को पालकी में बिठाया गया तथा उसे कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया गया यात्रा इंदौर रोड से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहा मेला मैदान वी आई पी चौपाटी होते हुए गांधी चौराहे पर पहुंची जहां पर लोगों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया पश्चात वापस इंदौर रोड सनन चौपाटी पर पहुंची। जहां यादव समाज के चौधरी रामू यादव द्वारा सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया तथा उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भगवान श्री कृष्ण ने युद्ध के मैदान में अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया इस प्रकार हम लोग भी समाज में अपने बच्चों में शिक्षा का ज्ञान दे। समाज के बच्चे अधिक पड़े आगे बढ़े हमारा मुख्य व्यवसाय दूध उत्पादन का है इस क्षेत्र में भी हम शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़े । जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण के समय दूध और घी की नदियां बहती थी उसी प्रकार से हम भी लोगों को शुद्ध दूध उपलब्ध करवाए। इस दौरान मुरली यादव मन्नू यादव हरीश यादव मंजू यादव करण यादव संतोष यादव विकास यादव नारायण यादव पवन यादव जितेंद्र यादव आदि समाज जन उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने खंडवा में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



रक्षाबंधन के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की टीम द्वारा आज पुलिस कंट्रोल रूम, खंडवा में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान और शुभकामनाएं व्यक्त की गईं।

समाज सेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रक्षाबंधन का यह पर्व राखी के दिन से जन्माष्टमी तक उत्साह के साथ बहनों के द्वारा मनाया जाता है। देश भक्ति जन सेवा एवं सुरक्षा की भावनाओं को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कार्य करते हैं। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रुति सैनिल जैन के नेतृत्व में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन को गुरुवार कंट्रोल रूम में रक्षा सूत्र बांधा। इसके पूर्व दोपहर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर, आर आई साहब, थाना प्रभारी प्रवीण प्रकाश आर्य, पदम नगर थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा, थाना प्रभारी विकास खींची को महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रुति जैन के साथ महिला मोर्चे की सदस्यों ने भी अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधे एवं अधिकारियों से खंडवा जिले एवं बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया, मोर्चा की बहनों ने अधिकारियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा की महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष श्रुति जैन के साथ वरिष्ठ नेत्री ममता बोरसे, शारदा तांदले, संगीता चौहान, जिला मंत्री रोशनी गोलकर सहित भाजपा महिला मोर्चा की श्रद्धा भमोरे, सोनाली यादव, ममता मोहे, पिंकी दीक्षित एवं अर्चना बोरासी उपस्थित रहीं।

महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रुति जैन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने का भी अवसर है। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी जिले की सुरक्षा एवं व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी भावना के साथ महिला मोर्चा की टीम ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को रक्षा सूत्र बांधा।

इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने भी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## गोवा में मुख्य चुनाव आयुक्त ने बीएलओ के साथ किया संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने आज गोवा में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से एक हजार से अधिक बीएलओ ने सहभागिता की। अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की प्रक्रिया संविधान, कानून तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के अनुरूप संचालित की जाती है। उन्होंने बीएलओ की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग और नागरिकों के बीच संपर्क के पहले बिंदु हैं। गोवा में मतदाता सूची तैयार करने एवं उसकी शुद्धता बनाए रखने में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका की उन्होंने सराहना की। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की अखंडता सुनिश्चित करने के साथ-साथ पूरी चुनाव प्रक्रिया का समवर्ती ऑडिट मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) तथा उम्मीदवारों के मतदान एवं मतगणना एजेंटों द्वारा भी किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कोंकणी भाषा में बीएलओ तथा अंग्रेजी भाषा में बीएलए की भूमिकाओं को समझाने वाले लघु वीडियो जारी किए गए। इस अवसर पर गोवा की समृद्ध परंपरा एवं विरासत को प्रदर्शित करने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बैठक में बीएलओ ने मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में सहभागिता की।



## पता पूछने के बहाने महिला के गले से झपटी थी चैन, तीन गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले के ग्राम पानवा में महिला से पता पूछने के बहाने बातों में उलझाकर सोने की चैन और पांचाली झपटने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढे है। पुलिस ने इस मामले में दो झपटमारों के साथ चोरी के आभूषण खरीदने वाले को भी गिरफ्तार कर इनके कब्जे से झपटी गई चैन और पांचाली बरामद की है। वारदात में इस्तेमाल की गई बाईक भी जब्त की है। खलटांका पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 22 अगस्त को पानवा निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, दोपहर में दो बाईक सवार उनके घर के सामने आए। बाईक रोककर किसी अनजान का नाम, पता पूछने लगे, बातचीत में उलझाकर एक लड़के ने गले में पहनी सोने की चैन और पांचाली झपट ली और दूसरा बाईक पर सवार था। कुछ ही पल में दोनो बाईक दौड़ाकर भाग निकले। पुलिस ने घटना स्थल व आने-जाने वाले सभी संभावित रास्तों के फुटेज चैक किये। फुटेज के आधार पर संदेही मोहित पिता शिवनारायण कुमावत निवासी ग्राम चैनपुरा ठीकरी जिला बड़वानी एवं 15 वर्षीय बालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में झपटी गई चैन अंजड़ के रहने वाले चंद्रशेखर को बेचना बताया। पुलिस ने चंद्रशेखर पिता त्रिलोक चंद्र कुमावत को गिरफ्तार कर चैन व पांचाली जब्त की।

### नेशनल लोक अदालत की तैयारियो के संबंध में बैठक संपन्न

**खंडवा।**, आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से जिला न्यायालय खंडवा में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक नेशनल लोक अदालत समन्वयक एवं विशेष न्यायाधीश श्री उत्सव चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में धारा 138 एन.आई. एक्ट के लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें नेशनल लोक अदालत में रखे जाने तथा पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति के माध्यम से उनके निराकरण की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिवक्ताओं से अपेक्षा की गई कि वे पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से होने वाले त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लाभों से अवगत कराते हुए समझौते के लिए प्रेरित करें। आगामी नेशनल लोक अदालत के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया।



## बेड़िया में आधी रात गूंजा नंद के घर आनंद भयो, जन्मे कान्हा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बेड़िया

4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बेड़िया नगर पूरी तरह कृष्ण भक्ति में रंगा नजर आया। दिनभर मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए, वहीं रात 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, मंदिर परिसर च्नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीज के जयघोष से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने बाल गोपाल के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्राचीन शिव मंदिर, मोठी माता मंदिर और हरिजन मोहल्ला स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में जन्मोत्सव के साथ मटकी फोड़, भजन-कीर्तन और आतिश बाजी के आयोजन हुए। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से जन्मोत्सव मनाकर महाआरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को माखन एवं पंचरी का प्रसाद वितरित किया गया।

महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।राधे-राधे मित्र मंडल, संकट मोचन 121 चोला संगठन, चांदनी चौक गणेश मंडल और शिव मंदिर गुर्जर मोहल्ला भक्त मंडली सहित बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त सहपरिवार मंदिरों में पहुंचे।संघर्षों के बीच मुस्कुराना सिखाते हैं श्रीकृष्ण संगठन के धमार्चार्य पं. संजय पाठक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन जन्म से लेकर लीला संवरण तक संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उनके चेहरे की मुस्कान कभी कम नहीं हुई।

### जन्माष्टमी पर इस्कॉन व्दारा भव्य आयोजन हुआ

**खंडवा।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस्कॉन (अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ) द्वारा 4 सितंबर को आनंद परिसर में शाम 7 बजे से भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के लिए भक्तगणों व्दारा अनोखे अंदाज में शहरवासियों को आमंत्रित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी के अनुसार कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन, श्रीकृष्ण कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचन, भक्तिमय नृत्य और विशेष नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक एवं पुष्प अभिषेक किया जाएगा।

**किल्लौद में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब पकड़ी**

**किल्लौद।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब जब्त की। जब्त शराब की कीमत करीब 1500 रुपये बताई गई है।

# बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 लाख कीमत की 8 बाईक बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले में बढ़ती वाहन चोरी मामलो में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शातिर वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए इनके कब्जे से 8 बाईक बरामद की है। आरोपी वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े है। जब्तशुदा बाईकों की कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है।



खलटांका पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार चौकी के समीप वाहन चेङ्कषकग की जा रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर की बाईक चालक को रोका। दस्तावेज मांगने पर चालक कोई दस्तावेज नही दिखा सका। संदेह होने पर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। बाईक चालक ने अपना नाम उमेश पिता सुनील नामदेव निवासी सियाराम कॉलोनी, ठीकरी का होना बताया। बाईक का रिकॉर्ड खंगालने पर चोरी का प्रकरण सामने आया।

संदेही उमेश ने सख्ती से पूछताछ में अपने साथी महादेव उर्फ मदन एवं एक विधि.विरुद्ध बालक के साथ मिलकर बाईक चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि महेश्वर तथा जिला धार के धामनोद आदि स्थानों से भी उन्होंने बाईक चुराई है। महादेव उर्फ मदन पिता भीलू डावर निवासी ग्राम आवलीदढ़ एवं एक विधि- विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी की 8 बाईक जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों अथवा एकांत में खड़े ऐसे दोपहिया वाहनों की तलाश करते थे, जिनके लॉक पुराने अथवा खराब हों या जिनमें चाबी लगी हुई हो।

ऐसे वाहनों को चिन्हित करने के बाद आरोपी मास्टर चाबी की मदद से मोटर साइकिल का लॉक खोलकर उसे चोरी कर मौके से फरार हो जाते थे। चोरी की गई मोटर साइकिलों को आरोपियों ने खेतान फैक्ट्री के पीछे जंगल में छुपा कर रखा था और बेचने की योजना बनाई थी।

### डीलर 4 हजार से अधिक चीनी का स्टार नहीं करेगा

**बड़वानी ।** उप सचिव, म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल द्वारा (1) म.प्र. चीनी (अधिकतम स्टॉक सीमा एवं स्टॉक घोषणा नियंत्रण) आदेश 2026 लागू किया गया है जिसके अंतर्गत कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक धारण नही करेगा तथा प्राप्त स्टॉक को 30 दिवस से अधिक अवधि तक भंडारित नही करेगा, डीलर को भारत सरकार के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल्पर चीनी के स्टॉक की स्थिति घोषित करना और नियमित रूप से अध्यतन करना अनिवार्य होगा।म.प्र. चीनी ( नियंत्रण आदेश म.प्र. 2026 लागु किया गया है जिसके अंतर्गत कोई भी थोक उपभोक्ता जो उत्पादन, कच्चे माल के रूप में किसी भी प्रकार से प्रति माह 10 मैट्रिक टन चीनी का उपयोग या उपभोग करता है।

## मंडलेश्वर में उपजेल में भक्तिभाव से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मंडलेश्वर उपजेल में भी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में अंजड़ की शिवालय भजन मंडली ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इससे पूर्व भजन मंडली द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा ने विधायक राजकुमार मेव को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दीं।जन्माष्टमी के अवसर पर उपजेल के बंदियों द्वारा स्वयं तैयार किया गया भगवान श्रीकृष्ण का आकर्षक झूला तथा श्रीकृष्ण की प्रतिमा विधायक राजकुमार मेव को भेंट की गई। बंदियों की इस रचनात्मक पहल की उपस्थितजनों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। उपस्थितजनों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीशचंद्र मोयदे, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी नितिन पाटीदार, ब्रह्मदत्त चौहान, गोलू मामा पाटीदार सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

### आमल्यापानी गौशाला में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला बड़वानी के तत्वावधान में शासकीय श्री कृष्ण गौशाला समिति,श्री राधे ग्रूप बड़वानी व ग्राम पंचायत आमल्यापानी द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विशेष शिविर का गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल की मुख्य उपस्थिति में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गौभक्तों और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की ।कार्यक्रम मे साई बाबा जीवन धरा हॉस्पिटल बड़वानी के संचालक आनंद मारू, जनप्रतिनिधिगण श्री निशान्त पंवार व सरपंच दीपक भंवरे व राधे ग्रूप के सदस्य उपस्थित हुए। आयोजित शिविर के दौरान वैदिक रीति-रिवाज से गौपूजन कर गौवंश को रक्षासूत्र बांधे गए। इस अवसर पर पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का संचालन किया गया, साथ ही विशेषज्ञों एवं अतिथियों द्वारा गौमाता के धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व पर विचार-विमर्श तथा परिचर्चा आयोजित की गई। इसके साथ ही बड़वानी स्थित श्री गोपाल कृष्ण मंदिर, नर्मदा गौशाला में भी दिनभर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान रमेशचंद्र सराफ, दिलीपसिंह राठौर, राजीव वर्मा, संतोष मिश्र ( प्राचार्य ), रामचंद्र रघुवंशी, प्रवीण पुरोहित, बलराम निकुम उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से आरंभ होगा सेवा-संकल्प अभियान


'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल सत्ता के नहीं बल्कि निरंतर सेवा और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष हैं। सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह संवैधानिक यात्रा आज एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंची है।

गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री तक उन्होंने जन सेवा को अपना ध्येय माना और आज भी संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास और लोकतंत्र को सशक्त करने में अविस्मरणीय योगदान दिया है। इस गौरवपूर्ण यात्रा को जन-जन तक पंहुचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर, एक माह तक सेवा-संकल्प अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता सेवा का संस्कार है। यही संस्कार आज 'सेवा-संकल्प अभियान' के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 25 वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को हम जनता के बीच ले जाएंगे। इस अभियान से जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। अभियान को जन सहभागिता से जन संवाद का माध्यम बनाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा-संकल्प अभियान के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक में निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जारी जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को सेवा-संकल्प अभियान में सम्मिलित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सेवा-संकल्प अभियान की अवधि में आने वाले प्रत्येक शुक्रवार को सभी जिलों में जनकल्याण और जन संवाद की विशेष गतिविधियां संचालित की जाएं। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के नवाचारों को प्रमुख रूप से प्रदर्शित और प्रोत्साहित किया जाए। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में संकलित विकास पुस्तिकाएं जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी मंत्री अपने-अपने विभाग और प्रभार के जिलों में इस अभियान की नियमित समीक्षा करें। हर जिले में तिथिवार कार्य योजना तय की जाए। जिन कार्यक्रमों में लाभार्थी संपर्क में है, वहां शासन द्वारा योजनावार लाभार्थी सूची संबंधित को उपलब्ध कराई जाए।

# जन्माष्टमी का सच्चा आनंद



जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मधुर छवियां हमारे मन में जाग उठती हैं– माखन चुराते कन्हैया, बांसुरी बजाते श्याम, ग्वाल–बालों के साथ खेलते नंदलाल और यशोदा मैया को मोहित करते बाल गोपाल। किंतु यही श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को जीवन का अत्यंत गहन दर्शन भी देते हैं। उनकी बाल लीलाओं की सरलता और गीता के ज्ञान की गंभीरता मिलकर भगवान के पूर्ण स्वरूप को प्रकट करती हैं। कृष्ण का जन्म कारागार में होता है। बाहर अंधकार है, भीतर बंधन है और चारों ओर भय है, पर उसी अंधकार में कृष्ण का प्राकट्य होता है। यह प्रसंग प्रतीकात्मक रूप से बहुत कुछ कहता है। मनुष्य के भीतर जब भय, अहंकार, लोभ और मोह का अंधकार बढ़ जाता है, तब उसे कृष्ण–चेतना की आवश्यकता होती है। जन्माष्टमी इसलिए केवल यह स्मरण करने का पर्व नहीं कि हजारों वर्ष पहले कृष्ण का जन्म हुआ था। यह खुद से यह पूछने का दिन भी है कि क्या मेरे भीतर कृष्ण के लिए स्थान है? भगवान श्रीकृष्ण केवल दूर बैठे न्यायाधीश नहीं हैं, बल्कि जीव के साथ उनके सभी प्रकार के सनातन और नित्य संबंध हैं। वह अनंत कोटि ब्रह्मांडों के स्वामी होकर भी जीवों के मध्य अवतार लेते हैं। गीता में वह कहते हैं कि जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब वह स्वयं प्रकट होते हैं। यही भगवान का दिव्य अवतरण है। जन्माष्टमी इसी अद्‌भुत सत्य का उत्सव है।

गीता में श्रीकृष्ण स्वयं को जगत का पिता, माता, पालक और पितामह कहते हैं। वह स्वयं को सभी जीवों का निष्काम हितैषी भी बताते हैं। हम उन्हें गुरु, मित्र, पिता, रक्षक, मार्गदर्शक या प्रियतम– किसी भी भाव में अपना बना सकते हैं। यह केवल भावुकता नहीं, जीवात्मा के पूर्ण स्वरूप की अभिव्यक्ति है। यशोदा मैया ने बाल कृष्ण को ऊखल से बांधना चाहा, किंतु हर बार रस्सी दो अंगुल छोटी पड़ गई। अंततः माता का श्रम और निष्काम प्रेम देखकर सर्वशक्तिमान भगवान स्वयं बंधने को तैयार हुए। जब बुद्धि भ्रमित हो, तब कृष्ण को अपना मार्गदर्शक बनाएं; जब जीवन में कठिनाइयां आएं, तब उन्हें अपना सारथी मानें; जब मन अकेला हो, तब उन्हें अपना सच्चा मित्र समझें; और जब हृदय प्रेम की तलाश करे, तब उन्हें अपना परम प्रिय बनाएं। श्रीकृष्ण गीता के माध्यम से हमें कर्म और उसके फल का नियम समझाते हैं, और भक्ति के माध्यम से यह विश्वास देते हैं कि जो मनुष्य प्रेमपूर्वक भगवान की शरण लेता है, उसकी आवश्यकताओं और जीवन की रक्षा का दायित्व भगवान स्वयं उठाते हैं। इसलिए कृष्ण को केवल मंदिर में नहीं, अपने विचारों, कर्मों, संबंधों और हृदय में स्थान दें। यही गीता की सीख है, यही भक्ति की सार्थकता है और यही जन्माष्टमी का सच्चा आनंद है।



सम्पादकीय

## मंदिर से आशा

भारत में धर्मस्थलों की चर्चा सदा प्रासंगिक बनी रहती है। जहां अयोध्या राम मंदिर के संचालन के लिए नई टीम गठित हो गई है, वहीं पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की गणना सबका ध्यान खींच रही है। यह सुखद इसलिए है कि गणना 48 साल बाद हुई है। भारत के जो चार धाम हैं, उनमें जगन्नाथ धाम की संपन्नता कतई चकित नहीं करती है। 12वीं शताब्दी के इस पावन मंदिर का संचालन श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1955 के तहत ओडिशा सरकार करती आई है। अब तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, मंदिर के पास 1,912 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि है और देश भर में 60,821 एकड़ भूमि है। इसके अलावा, इसके रत्न भंडार में सोने, हीरे के आभूषण भी हैं, जिनके मूल्य जानने के लिए गणना हुई है। इस मंदिर की भारी आय के मुख्य स्रोत भक्तों के दान, मंदिर के स्वामित्व वाली खदानों से होने वाली आय, सावधि जमा पर ब्याज, भूमि बिक्री, अधिग्रहण तथा सरकारी अनुदान भी हैं। इस तीर्थ के सभी दैनिक खर्च मंदिर निधि से ही पूरे किए जाते हैं। इसके प्रशासन में सेवादारों के अलावा सरकार की भी व्यवस्थित भूमिका कुल मिलाकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करती है।

संदेह नहीं, भारत में मंदिरों का पारदर्शी संचालन सहज नहीं है। बीते 25 वर्ष में जगन्नाथ मंदिर में ही चोरी के कम से कम सात मामले दर्ज हुए हैं। यहां भी दान की दैनिक गणना के समय चोरी की शिकायतें सामने आई हैं। गिरफ्तारियां भी हुई हैं। उसके बावजूद सराहनीय है कि यहां दान की गिनती प्रतिदिन होती है, जिसका विवरण सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाता है और सोशल मीडिया पर भी प्रकाशित किया जाता है। यहां मंदिर के सेवादारों की 100 से ज्यादा श्रेणियां हैं। वैसे, सेवाएं वंशानुगत ही मिलती हैं। यह चूंकि अन्न क्षेत्र है, तो यहां की रसोई विशालकाय है, लगभग 500 रसोइया और उनके 200 सहयोगी हैं, जो प्रतिदिन दो बार छप्पन भोग तैयार करते हैं। बड़ी संख्या में लोग निःशुल्क भोजन करते हैं और यहां की विशेषता है, कोई भी अपने लिए अन्न प्रसाद मांग सकता है और अन्न प्रसाद देने से इनकार की परंपरा नहीं है। समानता का भाव है, तो भगवान को जो छप्पन भोग चढ़ता है, वही श्रद्धालुओं तक पहुंचता है। मंदिर की प्रक्रिया कुल मिलाकर पारदर्शी है। अब मंदिर में सोना, हीरा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की नई सूची 48 साल बाद आधुनिक ढंग से तैयार हो रही है और यह अच्छी बात है, अभी तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

### शिक्षक दिवस – माला एक दिन की, परीक्षा पूरे साल की

# शिक्षक को सम्मान नहीं, सम्मान के साथ समझ भी चाहिए

पाँच सितंबर को स्कूलों में सम्मान का शोर उठता है–दीवारों पर रंग चढ़ते हैं, हाथों में फूल आते हैं और मंच से शिक्षक की महिमा के पुल बाँधे जाते हैं। मगर तालियों के बीच एक सवाल अनसुना रह जाता है–यह शिक्षक दिवस है या हमारी एक दिन की औपचारिक कृतज्ञता? जिस शिक्षक को आज गुरु, मार्गदर्शक और राष्ट्रनिमार्ता कहा जाता है, वही कल फाइलों, आदेशों, रजिस्टरों और परीक्षा परिणामों के बोझ तले फिर अकेला खड़ा होगा। फूल मुरझाएँगे, कार्ड फेंक दिए जाएँगे, तस्वीरें पुरानी पड़ जाएँगी; पर पहली घंटी के साथ उसकी जिम्मेदारियाँ फिर सामने होंगी। शिक्षक दिवस की असली सार्थकता तभी है, जब समारोह खत्म होने के बाद भी शिक्षक का सम्मान बना रहे।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

कक्षा की चार दीवारों में अलग-अलग परिस्थितियों से जूझते बच्चे बैठे होते हैं–कोई भूखा है, कोई टूटे परिवार का बोझ ढो रहा है, कोई आर्थिक अभाव से सहमा है तो कोई मोबाइल के कारण एकाग्रता खो चुका है। किसी के पास किताब नहीं, किसी के घर पढ़ने की जगह या परिवार का सहयोग नहीं। फिर भी अपेक्षा है कि शिक्षक सबको समान परिणाम दे। यह वैसा है जैसे किसान को जमीन, पानी और मौसम की चिंता किए बिना भरपूर फसल देने को कहा जाए। बच्चे की परिस्थितियों और मनःस्थिति का हिसाब कोई नहीं रखता; परिणाम खराब होते ही सवाल शिक्षक पर आता है। समाज शिक्षक को मशीन मानता है–न थकने वाली, न परेशान होने वाली और न असफल होने वाली।

शिक्षक का अधिकांश श्रम कागज पर दर्ज नहीं होता। अपनी जेब से कॉपियाँ-किताबें खरीदना, गरीब बच्चे की फीस या परीक्षा-फॉर्म भरना, घर पर निःशुल्क पढ़ाना, अपने खाने का पैसा बचाकर जरूरतमंद विद्यार्थी की मदद करना–ये उसकी नौकरी की शर्तें नहीं हैं। बुखार हो या शरीर टूट रहा हो, कक्षा में खड़ा रहना पड़ता है; छुट्टी भी सवाल खड़े कर देती है। लेकिन परिणाम में दो अंक कम होते ही शिक्षक से जवाब माँगा जाता है। सम्मान का यह कैसा ढंग है–फूल भी उसी के लिए और दोष भी उसी के सिर? उसका असली श्रम रिपोर्टों में नहीं, बच्चे के आत्मविश्वास, टूटे विद्यार्थी की वापसी और गरीब बच्चे की तरक्की में दिखता है।



आज शिक्षक को पाठ के साथ बच्चे को भी समझना है। मोबाइल ने उसकी उँगलियों में पूरी दुनिया रख दी है, लेकिन हर सूचना ज्ञान नहीं। ध्यान कुछ सेकंड में भटकता है, तुलना बढ़ती है और घर-परिवार का दबाव बच्चों को बेचैन करता है। फिर भी शिक्षक से अपेक्षा है कि वह कक्षा संभाले, अनुशासन रखे, पाठ्यक्रम पूरा करे और हर बच्चे को टॉपर बनाए। उसे अध्यापक के साथ मित्र, काउंसलर, प्रेरक और कई बार माँ-बाप की भूमिका भी निभानी पड़ती है। चालीस अलग-अलग दिमागों को समझना आसान नहीं। अभिभावक परिणाम, स्कूल अनुशासन और व्यवस्था लक्ष्य चाहती है; इन अपेक्षाओं के बीच शिक्षक की थकान, परेशानी और निजी जिंदगी सबसे पहले छूट जाती है।

ईमानदारी का तकाजा है कि शिक्षक को देवता न माना जाए। हर शिक्षक आदर्श नहीं होता। कुछ लापरवाह हैं, कुछ जिम्मेदारी से बचते हैं और कुछ विद्यार्थियों के साथ अन्याय करते हैं। ऐसे मामलों में जवाबदेही होनी चाहिए। लेकिन कुछ खराब उदाहरणों के आधार पर पूरे शिक्षक समुदाय को कटघरे में खड़ा करना भी गलत है। सवाल यह भी होना चाहिए कि शिक्षक को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था ने क्या किया? उसे कैसा प्रशिक्षण मिला? कक्षा में कितने बच्चे हैं? गैर-शैक्षणिक काम कितना है? संसाधन और पढ़ाने की स्वतंत्रता कितनी है? यदि शिक्षक का समय कागजी काम में जाए, कक्षा भीड़ से भरी हो और निर्णय ऊपर से आएँ, तो केवल परिणाम माँगना अपनी जिम्मेदारी से बचना है। अच्छी शिक्षा अच्छे शिक्षक और अच्छी व्यवस्था, दोनों से पैदा होती है। शिक्षक दिवस पर फूलों से अधिक जरूरी वे सवाल हैं, जो शिक्षक का सच सामने लाएँ। क्या उसे समय पर वेतन, पर्याप्त शिक्षण सामग्री मिलती है? क्या वह हर बच्चे पर ध्यान दे सकता है या सरकारी कामों में कक्षा से बाहर भेज दिया जाता है? क्या उसकी समस्या सुनने वाला कोई है? सबसे जरूरी–क्या पाठ पूरा करना ही शिक्षा है? किसी बच्चे की आँखों में आँसू हों तो किताब बंद कर उसे सुनना जरूरी हो सकता है। उसका आत्मविश्वास लौटाना, असफलता के बाद खड़ा करना और उसे बेकार न महसूस होने देना–ये भी शिक्षा के परिणाम हैं। पाठ का एक पन्ना अधूरा रहना छोटी बात है; बच्चे का मन टूटना बड़ा नुकसान।

शिक्षक की मेहनत का सबसे बड़ा प्रतिफल मंचीय सम्मान नहीं, वर्षों बाद लौटकर आया विद्यार्थी है। जब वह कहता है–आपने तब मेरा साथ नहीं छोड़ा, इसलिए मैं आगे बढ़ पाया- तभी शिक्षक अपनी मेहनत का अर्थ समझता है। कोई याद करता है कि फीस न होने पर शिक्षक ने किताब दिलाई; कोई बताता है कि सबने असफल माना, तब शिक्षक ने संभावना देखी। यही पूँजी वेतन-पर्ची नहीं माप सकती। लेकिन शिक्षक को केवल भावनात्मक संतोष के भरोसे छोड़ना गलत है। उसे उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, कम गैर-शैक्षणिक बोझ, पर्याप्त संसाधन और अपनी बात कहने का अधिकार चाहिए। कृतज्ञता जरूरी है, वेतन का विकल्प नहीं।

जिस शिक्षक के हाथों में बच्चों का भविष्य है, उसकी थकान कौन समझता है? पाँच सितंबर की सच्ची गुरु-पूजा फूलों में नहीं, शिक्षक को मनुष्य मानने में है। उसकी समस्या सुनी जाए, गलती पर जवाबदेही और ईमानदार मेहनत पर भरोसा हो। शिक्षक को परीक्षा-परिणाम की मशीन मानना शिक्षा से अन्याय है। दबाव, अविश्वास और कागजी बोझ में जला शिक्षक भविष्य कैसे सँवारेगा? पाँच सितंबर की माला उतर जाती है, जिम्मेदारी नहीं। सवाल फूलों का नहीं, छह सितंबर के व्यवहार का है। पाँच सितंबर तारीख है; असली परीक्षा 364 दिनों में होती है। सच यही है–इस परीक्षा में हम अभी पूरे अंकों के हकदार नहीं हैं।

### ईमानदारी के सरकारी विज्ञापन

कस्बे के सबसे पुराने सरकारी बैंक की मुख्य शाखा के भूमिगत तल में बने लॉकर रूम के बाहर लोहे की एक जंग लगी चाबी पिछले अठारह सालों से दीवार की खूंटी पर टँगी हुई थी क्योंकि सरकारी विभागों में चाबियाँ गुम हो जाती हैं पर जिम्मेदारियाँ कभी खूंटी से नीचे नहीं उतरतीं। उस चाबी की चमक वक्त की गर्द के नीचे पूरी तरह दब चुकी थी और उसका सिरा इतना घिस चुका था कि उस पर खुदा हुआ नंबर भी ठीक से पढ़ा नहीं जाता था ठीक वैसे ही जैसे ईमानदारी के सरकारी विज्ञापन में छपे शब्द धुंधले हो जाते हैं। उसी लॉकर रूम के भारी जालीदार लोहे के दरवाजे के ठीक सामने रखी लकड़ी की पुरानी बेंच पर हर महीने की पहली तारीख को रामचरण बाबू आकर बैठ जाते थे क्योंकि भारत में रिटायरमेंट के बाद केवल बेंच और स्मृतियाँ ही मुफ्त उपलब्ध होती हैं। सफेद खद्दर का धोती कुर्ता पहने और आँखों पर मोटा गोल चश्मा चढ़ाए रामचरण बाबू दिन भर उस खूंटी पर टँगी चाबी को एकटक निहारते रहते थे मानो वह चाबी न होकर स्वर्ग की सदस्यता का एकमात्र टोकन हो। बैंक में सुबह दस बजते ही किसानों के कर्जे जमा करने और पासबुक में एंट्री कराने वालों की भारी गहमागहमी शुरू हो जाती थी जो दरअसल यह प्रमाणित करने आते थे कि वे अभी भी कागजों पर जीवित और कर्जदार हैं। रामचरण बाबू को इस दुनियावी लेन देन से कोई सरोकार नहीं रहता था क्योंकि जो व्यक्ति मोहमाया त्याग दे वह या तो सन्यासी होता है या बैंक का पुराना पेंशनभोगी। जब भी कोई नया कैशियर अपनी फाइलों का पुलिंदा लेकर उधर से गुजरता तो वह इस बुजुर्ग को उस जंग लगी चाबी को टकटकी लगाकर देखते हुए पाकर अचरज में पड़ जाता था जैसे किसी आधुनिक मॉल में कोई पुराना मिट्टी का दीया जलता देख लिया हो। बैंक का पुराना चपरासी मंगतू जब भी साहब के केबिन में पानी की सुराही रखकर लौटता तो रामचरण बाबू बहुत ही सहेज कर पूछते कि क्यों रे मंगतू आज उस कोने वाले तिहत्तर नंबर लॉकर को खोलने का कोई हुक्म हुआ क्या या आज भी सिर्फ रजिस्टर पर तारीख ही बदली गई है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 सितंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:14 सूर्यास्त 18:37
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - नवमी 21:54 उपरांत दसमी
नक्षत्र - मृगशिरा 21:31 उपरांत आर्द्रा
योग - वज्र 12:47 उपरांत सिद्धि
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृषभ में है। 10:18 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 22 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में काम का दबाव रह सकता है, लेकिन धैर्य से काम लेने पर लंबित कार्य पूरे करने में मदद मिलेगी।

**वृषभ-** व्यापारिक मामलों में स्थिरता बनाए रखें। जल्दबाजी में कोई बड़ा आर्थिक फैसला लेने से बचें।

**मिथुन-** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कर्क-** परिवार और जीवनसाथी के साथ बातचीत से संबंध बेहतर होंगे।

**सिंह-** भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने का दिन है। थकान या सिरदर्द महसूस हो सकता है, इसलिए पर्याप्त आराम और पानी का ध्यान रखें।

**कन्या-** काम में व्यस्तता रह सकती है। प्राथमिकता तय करके काम करेंगे तो तनाव कम होगा।

**तुला-** कारोबार में योजनाओं की समीक्षा करना फायदेमंद रहेगा। जल्दबाजी में विस्तार न करें।

**वृश्चिक-** आय और व्यय में संतुलन बना रहेगा। धार्मिक कार्यों पर खर्च हो सकता है। पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं।

**धनु-** छोटी गलतफहमियां बातचीत से दूर की जा सकती हैं। बातों को मन में न रखें। प्रेम संबंधों में स्थिरता रहेगी।

**मकर-** रचनात्मक सोच से काम आसान होगा। किसी नए प्रोजेक्ट पर विचार हो सकता है।

**कुंभ-** कारोबार में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ें। जोखिम वाले निवेश से दूरी रखें। सट्टेबाजी से दूर रहें और सुरक्षित निवेश चुनें।

**मीन-** पार्टनर के साथ सुखद समय बिताएंगे। मानसिक रूप से तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

समसामयिक

## भोजली : अच्छी फसल की मंगल

सावन की रिमझिम फुहारों में, धरा हरियाली ओढ़े,
खेतों की मेड़ों पर जैसे, कोई सपना चुपके से दौड़े।
नागपंचमी पावन बेला, भोजली के रूप निखरता है,
मिट्टी, पानी, बीज संग, जन-मन विश्वास सँवरता है।
आई भोजली, आई भोजली, सोन-सोन के कलगी,
अबे हमर भोजली देवी के, सोन-सोन के कलगी।
धान की बालियाँ लहराएँ, अन्न भरे हरेक खलिहान,
किसान माथे शिकन मिटे, खुशियों से भरे किसान।
माई ममता, बहिन स्नेह, भोजली में आकार पाता है,
गाँव की लोक-परंपरा, पीढ़ी से पीढ़ी तक जाता है।
नदियाँ निर्मल, खेत हरे हों, हर आँगन में सुख बरसे,
मेहनत वाले हाथों में, सुनहरी सपनों के फूल झरते।
हे भोजली माता! आशीष दो, धरती का आँचल भरे,
अन्नदाता के जीवन में, समृद्धि का सूरज उगता रहें।
भोजली केवल पर्व नहीं, यह मिट्टी से रिश्ता प्यारा है,
अन्न, प्रेम व लोक-संस्कृति का, ये अमरदीप हमारा है।



संजय तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

# आधुनिक हिन्दी के पितामह भारतेन्दु हरिशचन्द्र

आज भाषा एवं क्षेत्रीयता प्रेरित अलगाव वाद का पोषण करती दूषित प्रवृत्तियों के युग में भारतेंदु हरिश्चंद्र का कृति त्व निश्चय ही नई पीढ़ी के लिये प्रेरणा स्तंभ है। तमिलनाडु में तमिल भाषा एवं महाराष्ट्र में मराठी के प्रति आग्रह यद्यपि अनुचित नहीं परंतु राजनीतिक लाभ के लिये भारत की राजभाषा हिंदी के प्रति द्वेष पूर्ण गतिविधियां राष्ट्रीय एकता के लिये शुभ संकेत नहीं। क्षुद्र स्वार्थों के लिये देश हित को दांव पर लगाने वाले नेताओं को भारतेंदुजी से प्रेरणा लेना चाहिये। हिंदी सहित चार भाषाओं के ज्ञाता भारतेंदुजी हिंदी के मूर्धन्य साहित्यकार थे। परंतु अपने कालजयी साहित्य में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों का उपयोग जिस उन्मुक्तता से किया वह राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में सराहनीय एवं अनुकरणीय है। भाषाई आधार पर नफरत फैलाने वाले तत्वों को भारतेंदुजी के विचारों से प्रेरणा लेना चाहिये। विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों को आत्मसात कर बने हिंदी के वर्तमान स्वरूप का भारतेन्दु हरिश्चंद्र को पितामह कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। उनके काल में प्रचलित राज काज की भाषा से भिन्न वर्तमान में प्रचलित खड़ी बोली हिंदी को साहित्य की भाषा के रूप में स्थापित करने का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है। यह लोक मानस में व्याप्त प्रवृत्तियों के अनुकूल एवं लोक भाषा का ही नया रूप था जिसमें मूल स्वरूप हिंदी होकर भी फारसी विहीन उर्दू एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों का उदार समावेश था। न्यायालयों की भाषा के संबंध में उनका कथन कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहाँ अदालतों की भाषा न तो शासकों की और न प्रजा की मातृ भाषा है। के संदर्भ में आज लगभग डेढ़ शताब्दी के बाद भी 1882 की स्थिति यथावत है। क्षेत्रीय अलगाववाद एवं हिन्दी विरोध में अपना राजनीतिक उत्थान देखने वाले तत्वों का अंग्रेजी प्रेम परतंत्रता के उन्हीं दिनों का स्मरण करवाता है।



सुभाषचंद्र जोशी (दैनिक अवन्तिका)

स्वातंत्र्य समर में महात्मा गांधी द्वारा स्वदेशी अपनाने एवं विलायती उत्पादों के बहिष्कार के आह्वान से कई दशक पूर्व भारतेन्दु जी द्वारा 1874 में विलायती वस्त्रों के बहिष्कार हेतु प्रतिज्ञा पत्र भरने की अपील पर हिंदी भाषियों में अपेक्षा से अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया हुई थी। इसी आशय के उनके कई लेख प्रकाशित हुए जो संभवतः गांधी युग में स्वतंत्रता सेनानियों के लिये प्रेरणा स्रोत बने। राजनीतिक परतंत्रता के साथ भारतीय समाज में प्रवेश पा गई सामाजिक कुरीतियों एवं शिक्षा के संदर्भ में स्त्री पुरुष असमानता, के विरूद्ध जाग्रति की जो धारा दक्षिण में ज्योतिराव फुले ने आरंभ की थी उस समय उनके समकालीन भारतेंदु जी भी उत्तर भारत में साहित्य के माध्यम से स्वभाषा के उत्थान, समाज सुधार एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के लिये क्रांति हेतु वातावरण निर्मित करने में तल्लीन थे।

उस काल खंड में प्रचलित रीति कालीन श्रृंगार रस प्रधान साहित्य से भिन्न उनके लेखन के मुख्य विषय, सामाजिक विसंगति यों का उन्मूलन एवं विदेशी साम्राज्य वादी शक्तियों के विरुद्ध क्रांति का शंखनाद, में परंपरा से हटकर एक नवीनता थी, जिसे तत्कालीन पाठको का पर्याप्त प्रतिसाद मिला। परंपरागत ब्रज भाषा में साहित्य रचना के युग में भारतेंदुजी ने खड़ी बोली हिंदी में गद्य साहित्य सृजन को नई पहचान दी। 9 सितंबर 1976 को भारतेन्दु हरिश्चंद्र की 126वीं जन्म जयंती पर भारतीय डाक तार विभाग ने उनकी स्मृति में 25 पैसे का डाक टिकट जारी कर उन्हें सम्मान प्रदान किया। उनके सम्मान में पत्रकारिता एवं राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये भारतेन्दू हरिश्चन्द्र पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## शहरी बाढ़: बारिश का संकट या नियोजन की विफलता?

भारत के शहर हर मानसून में एक ही कहानी दोहराते दिखाई देते हैं–कुछ घंटों की तेज बारिश, सड़कों पर जमा पानी, जाम में फँसी गाड़ियाँ, डूबते अंडरपास, घरों और दुकानों में घुसता पानी और प्रशासन की ओर से राहत एवं निकासी की कवायद। दिल्ली-एनसीआर और गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित होते महानगरीय क्षेत्र इसका उदाहरण हैं। सवाल यह है कि क्या इन शहरों में बाढ़ केवल अत्यधिक बारिश का परिणाम है? जवाब है–नहीं। शहरी बाढ़ प्राकृतिक वर्षा और मानवीय अव्यवस्था के बीच पैदा हुआ संकट है। बदलते मौसम ने खतरा जरूर बढ़ाया है, लेकिन खराब शहरी नियोजन और कमजोर शासन व्यवस्था ने उसे आपदा में बदलने का काम किया है। शहरी बाढ़ उस स्थिति को कहा जाता है जब वर्षा का पानी शहर की जल निकासी, जमीन में पानी के रिसाव और प्राकृतिक अथवा कृत्रिम जल-संग्रहण क्षमता से अधिक हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को खेतों, तालाबों और प्राकृतिक नालों के माध्यम से फैलने और जमीन में समाने की जगह मिल जाती है, लेकिन शहरों में बढ़ता कंक्रीटीकरण पानी के प्राकृतिक रास्ते बंद कर देता है। परिणामस्वरूप थोड़ी अवधि में हुई अत्यधिक बारिश भी व्यापक जलभराव पैदा कर देती है।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

भारत के शहरों के बाढ़-प्रवण होने का पहला बड़ा कारण बदलते वर्षा पैटर्न हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण कई क्षेत्रों में कम समय में बहुत अधिक बारिश होने की घटनाएँ बढ़ रही हैं। पुराने समय के औसत वर्षा आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई जल निकासी प्रणालियाँ ऐसी तीव्र बारिश को संभालने में सक्षम नहीं हैं। दिल्ली-एनसीआर में तीव्र मानसूनी बारिश इसका उदाहरण है। समस्या केवल कुल वर्षा की मात्रा की नहीं, बल्कि बारिश के कम समय में अत्यधिक केंद्रित हो जाने की भी है।

दूसरा बड़ा कारण तेजी से बढ़ता कंक्रीटीकरण है। गुरुग्राम जैसे शहरों में पिछले कुछ दशकों में आवासीय कॉलोनियों, ऊँची इमारतों, व्यावसायिक परिसरों और सड़कों का तेजी से विस्तार हुआ है। पहले जो जमीन बारिश के पानी को सोखती थी, वह अब सीमेंट और डामर से ढकी है। इससे भूजल पुनर्भरण घटता है और सतही बहाव बढ़ जाता है। जब बड़ी मात्रा में पानी एक साथ सड़कों और नालियों की ओर आता है, तो जल निकासी तंत्र जल्दी ही जवाब दे देता है।

( शिक्षक दिवस विशेष )

# शिक्षक : भविष्य की दिशा और शिक्षा का नया स्वरूप

शिक्षा का स्वरूप आज जिस तीव्र गति से बदल रहा है, वैसा परिवर्तन शायद पहले कभी देखने को नहीं मिला। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन शिक्षण, आभासी कक्षाएँ और नई शिक्षण पद्धतियाँ सीखने की प्रक्रिया को नया आकार दे रही हैं। बच्चे आज किसी भी विषय की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब ज्ञान और सूचना इतनी सहजता से उपलब्ध है, तब शिक्षक की भूमिका क्या रह जाएगी? वास्तव में तकनीक के विस्तार ने शिक्षक की भूमिका को कम नहीं किया, बल्कि उसे और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। आने वाले समय में शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा, मार्गदर्शक, प्रेरक और मानवीय मूल्यों के संरक्षक होंगे।



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

परम्परागत रूप से शिक्षक की भूमिका पुस्तकों और पाठ्यक्रम के अध्ययन-अध्यापन तक मानी जाती रही है। लेकिन आज यह भूमिका कहीं व्यापक हो चुकी है। शिक्षक विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए तैयार करना पर्याप्त नहीं है। उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करना, सही और गलत के बीच अंतर समझना, असफलताओं से सीखना, दूसरों के प्रति संवेदनशील रहना और कठिन परिस्थितियों में संतुलित निर्णय लेना भी सिखाना आवश्यक है। डिजिटल युग ने ज्ञान की सीमाएँ लगभग समाप्त कर दी हैं। इंटरनेट और डिजिटल मंचों ने सूचना का विशाल संसार विद्यार्थियों के हाथों में पहुँचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ ही सेकंड में किसी प्रश्न का उत्तर दे सकती है। लेकिन सूचना और ज्ञान में अंतर है तथा ज्ञान और विवेक में उससे भी बड़ा अंतर है। किसी प्रश्न का उत्तर जान लेना अलग बात है और उस उत्तर का जीवन में उचित उपयोग करना अलग। तकनीक जानकारी उपलब्ध करा सकती है, पर उसका विवेकपूर्ण उपयोग, नैतिकता और मानवीय दृष्टिकोण शिक्षक ही विकसित कर सकते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव और रोबोटिकी तथा स्वचालन के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल की दुनिया भी बदल रही है। आने वाले वर्षों में अनेक पारम्परिक कार्यों का स्वरूप बदलेगा। ऐसे समय में शिक्षा की चुनौती केवल यह नहीं होगी कि विद्यार्थी क्या जानते हैं, बल्कि यह भी होगी कि वे बदलती परिस्थितियों के अनुसार कितना सीख सकते हैं, कितना सोच सकते हैं और समस्याओं का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं। इसलिए भविष्य का शिक्षक स्वयं भी निरन्तर सीखने वाला होगा। जो शिक्षक समय के साथ अपने ज्ञान, तकनीकी दक्षता और शिक्षण-पद्धति को अद्यतन करेंगे, वही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर तैयार कर पाएँगे।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा और कौशल के बीच संतुलन स्थापित करने की है। केवल उपाधियाँ प्राप्त कर लेना जीवन की सफलता की गारंटी नहीं है। संवाद कौशल, समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, सहयोग की भावना और सहानुभूति जैसे गुण भी उतने ही आवश्यक हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों में इन क्षमताओं का विकास करना होगा, ताकि वे केवल अच्छे विद्यार्थी नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में शिक्षक की भूमिका और भी व्यापक हो जाती है। यहाँ शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का आधार भी है। शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी संस्कृति, परम्पराओं और मूल्यों से जोड़ते हुए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संवैधानिक मूल्यों का विकास कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा वास्तव में भविष्य के समाज की प्रयोगशाला है।

तकनीक के इस दौर में शिक्षक की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मानवीय संवेदना है। पुस्तक ज्ञान दे सकती है, इंटरनेट सूचना दे सकता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्तर दे सकती है, लेकिन किसी विद्यार्थी की आँखों में छिपी निराशा को पहचानना, उसकी असफलता में उसका मनोबल बढ़ाना और उसे फिर से प्रयास करने की प्रेरणा देना शिक्षक ही कर सकता है। मशीन विद्यार्थी के प्रश्न का उत्तर दे सकती है, लेकिन उसके मौन का अर्थ समझना अभी भी मानवीय संवेदना का विषय है।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,000 रवा- 1,50,700 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
DEWAS • SHAJAPUR • AGAR
इन्दौर, शनिवार 05 सितम्बर 2026 | 07

## भोपाल में जुटेंगे परशुराम सेना के पदाधिकारी

**शुजालपुर।** परशुराम सेना मध्यप्रदेश की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक 6 सितंबर को सुबह 10 बजे भोपाल स्थित सामाजिक न्याय विभाग सभागार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण परिसर, लिंक रोड नंबर 3 में होगी। बैठक में संगठन विस्तार व मजबूती, आगामी कार्ययोजना तथा नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश संरक्षक पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, पं. राकेश चतुर्वेदी एवं प्रदेश अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में होने वाली बैठक में प्रदेश, जिला व तहसील स्तर के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। शाजापुर जिला अध्यक्ष पं. रामानुज समाधिया ने जिले के पदाधिकारियों व कार्यकताओं से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने वाहनों पर संगठन का बैनर व भगवा ध्वज लगाने तथा पदाधिकारियों से निर्धारित वेशभूषा में पहुंचने का आग्रह किया है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर लकड़ी से हमला

**शुजालपुर।** फतेहपुर में पुरानी रंजिश को लेकर मुकेश मेवाड़ा ने धर्मेन्द्र मेवाड़ा 35 वर्ष के सिर पर लकड़ी से वार कर दिया। घटना 2 सितंबर रात करीब 8 बजे आटा चक्की के सामने हुई। हमले में धर्मेन्द्र घायल हो गया। बीच-बचाव करने वाले धीरज व नवीन मेवाड़ा ने उसे अस्पताल पहुंचाया। फ रियादी ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## युवक लापता, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शुजालपुर।** शहर स्थित तुलसीनगर निवासी नीलेश प्रजापति उर्फ नीलू 30 वर्ष 1 सितंबर की रात करीब 10 बजे घर से बिना बताए चला गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर भाई देवेन्द्र प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नीलेश को ले जाने की आशंका जताई है। नीलेश की लंबाई करीब 5 फीट 6 इंच, रंग गेहुँआ है। वह सफेद शर्ट व काली पैंट पहने था और उसके पास मोबाइल नहीं है। पुलिस ने गुमशुदगी की जांच शुरू की है।

## जन्माष्टमी पर छात्राओं ने बांधा समां मटकी फोड़ में दिखाया उत्साह



**शुजालपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने कृष्ण की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। डांस, कृष्ण बनो और मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मटकी फ ोड़ प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अनुष्का सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में पायल मेवाड़ा प्रथम रहीं। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रकाश परमार, ममतेश परमार और तरुण जोशी ने किया। आयोजन को सफ ल बनाने में मीना बमनावत का सहयोग रहा।

### कन्नौद पुलिस ने मोटर पंप चोरी करने वाली

# गैंग के 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार खेतों से चोरी हुए 6 से ज्यादा पंप बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



कन्नौद पुलिस ने किसानों के खेतों से मोटर पंप चोरी करने वाली एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गुरुवार को गैंग के सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 6 से ज्यादा चोरी के मोटर पंप बरामद किए गए हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम बावड़ीखेड़ा में किसानों के मोटर पंप चोरी होने की शिकायत मिली थी। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। साथ ही, पुलिस ने मुखबिरों की मदद से संदिग्धों की पहचान की।

जांच के दौरान ग्राम घोघड़ा के तीन युवकों के नाम सामने आए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर विशाल पिता मुकेश, गंगाराम पिता मुन्नालाल और अनिल पिता गुलाब सिंह, निवासी घोघड़ा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने बावड़ीखेड़ा और आसपास के इलाकों से मोटर पंप चोरी करना मान लिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे चोरी की मोटरों को सीधे बेचने के बजाय कबाड़ियों के जरिए बेचते थे। आरोपियों की जानकारी पर पुलिस ने ग्राम खारदा निवासी राकेश पिता प्रकाश और बोरदा निवासी कबाड़ी फारूख पिता नफीस खां को भी गिरफ्तार किया।

चोरी की घटनाओं का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक बालकृष्ण छापे, प्रधान आरक्षक सुनील प्रजापति, प्रधान आरक्षक धन्नालाल, आरक्षक बाबी वर्मा, अजय, राहुल सोनी और हर्षवर्धन सिंह का योगदान रहा।

### पुलिस ने पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया

टीआई तहजीब काजी के अनुसार, राकेश चोरी की मोटरों को कटवाकर और तोड़फोड़ कर फारूख को बेचता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



## पेड़ों को राखी बांध एनएसएस स्वयंसेवकों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. बीके त्यागी के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार, उमेश कुमार पाण्डेय एवं जयेश मालवीय ने भी स्वयंसेवकों के साथ पेड़ों को राखी बांधी। एनएसएस कक्ष में बलराम जयंती, जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता गजेन्द्र कुमार पाटीदार ने पर्वों के महत्व के साथ वृक्षों के पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संरक्षण के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे भी लगाए। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार, प्रीतम परमार सहित महाविद्यालय के अन्य सदस्य मौजूद रहे। एनएसएस अधिकारियों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से ज्वॉइन एनएसएस अभियान की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राधिका, शिवानी, पंकज एवं अंशु राठौर ने संचालन किया तथा उमेश कुमार पाण्डेय ने आभार माना।

# जनविश्वास शिविर में सुनी समस्याए 10 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



### 10 हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्र

शिविर में मंत्री परमार और कलेक्टर बाफ ना ने नगर परिषद अकोदिया के 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं चार हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति प्रमाण पत्र भी दिए गए। वार्ड क्रमांक 7 निवासी अभय कुमार शर्मा को पत्नी के निधन पर 2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता स्वीकृत होने पर उन्होंने प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष रचना शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम शुजालपुर अंकिता पाटकर, अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के तहत गुरुवार को नगर परिषद अकोदिया में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास, पीएम स्वनिधि, समग्र ई केवायसी, नामांतरण, भवन अनुज्ञा, साफ.-सफ ाई, नल कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, पेंशन एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार और कलेक्टर ऋ जु बाफ ना ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जनविश्वास शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा और रास्ते सहित लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे पात्र हितग्राही, जिन्हें एक किश्त मिल चुकी है और अगली किश्त की जरूरत है, उनके प्रकरणों का भी शिविर में निराकरण किया जाएगा। वहीं प्लॉट के अभाव में योजना से वंचित पात्र परिवारों को प्लॉट उपलब्ध होने पर योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### शाजापुर में 10 स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़

# मकान मालिक सीधे तार डालकर इस्ते-माल कर रहे थे लाइट, दूसरे दिन कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शाजापुर में स्मार्ट मीटरों से बिजली चोरी की आशंका पर इंदौर और शाजापुर बिजली कंपनी की टीम ने दूसरे दिन भी जांच की। गुरुवार को टीम ने मगरिया, महूपुरा, लालपुरा और भावसार मोहल्ला जैसे इलाकों में मीटरों की जांच की।

इस दौरान करीब 10 मीटरों में छेड़छाड़ और गड़बड़ी मिली। अधिकारियों ने मौके पर ही उपभोक्ताओं के पंचनामे बनाए। अब इनके खिलाफ नियमों के हिसाब से कानूनी कार्रवाई की तैयारी है।

यह अभियान बुधवार से शुरू हुआ था। पहले दिन टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में स्मार्ट मीटरों की जांच की थी। तब 11 मीटरों में गड़बड़ी मिलने पर पंचनामे बनाए गए थे। दूसरे दिन भी ऐसे ही मामले मिलने के बाद विभाग ने जांच अभियान जारी रखने की बात कही है।

जांच के दौरान बिजली चोरी के कई तरीके सामने आए। कुछ मामलों में सीधे तार डालकर बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, कुछ स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ कर रीडिंग बदलने की कोशिश की गई थी। टीम ने मौके पर गड़बड़ी दर्ज कर उपभोक्ताओं के खिलाफ पंचनामा बनाया।

बिजली कंपनी सहायक यंत्री रामेश्वर प्रताप अहिरवार ने बताया कि इंदौर बिजली कंपनी हर महीने ऐसे स्मार्ट मीटरों की पहचान करता है, जिनकी रीडिंग या बिजली खपत में कोई असामान्य बात दिखती है। इसी आधार पर शाजापुर में जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों की जांच आगे भी जारी रहेगी और गड़बड़ी मिलने पर नियमों के हिसाब से कार्रवाई होगी।

## सेवानिवृत्ति समारोह में पहुंचे पेंशनर्स एसो. पदाधिकारी डॉ. अंबावतिया का किया सम्मान



**शुजालपुर।** डॉ. सिद्धनाथ सिंह अंबावतिया के सेवानिवृत्ति अवसर पर उनके गृह ग्राम निपानिया स्थित निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाधर वर्मा मुख्य अतिथि रहे। जिला महामंत्री तिलोकचंद्र भालोट एवं जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल अंबावतिया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने डॉ. अंबावतिया का शॉल, श्रीफ ल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया। कार्यक्रम में 84 वर्षीय मानकुंवर बाई का भी सम्मान किया गया। इस दौरान पेंशनर्स ने अपने विचार रखते हुए डॉ. अंबावतिया के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के बाद हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मोहन बड़ोदिया का प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन में विलय करने का निर्णय लिया गया। पूर्व तहसील अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल अंबावतिया ने इसकी घोषणा की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष श्याम जोशी की कार्यप्रणाली एवं सक्रियता को निर्णय का आधार बताया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की तथा डॉ. अंबावतिया को भी सदस्य बनाया गया।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर यादव समाज ने निकाली पालकी यात्रा

# आगर मालवा में रिमझिम बारिश के बीच उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह स्वागत

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। यादव समाज ने गवलीपुरा मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की पालकी यात्रा निकाली। शहर के मुख्य रास्तों से गुजरते हुए यात्रा में 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की' के जयकारे गूंजते रहे।

इस पालकी यात्रा में शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रों से आई झंडा मंडलियों ने यात्रा का आकर्षण बढ़ाया। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और वे भक्ति में डूबे यात्रा के साथ चलते रहे। शहर में कई जगहों पर मंच बनाकर यात्रा का स्वागत किया गया। आयोजकों और भक्तों ने पालकी पर फूल बरसाकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था जताई। यात्रा के दौरान अलग-अलग अखाड़ा दलों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया।

### नाचती हुई घोड़ी रही आकर्षण

नाचती घोड़ी, हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति का संदेश देते बच्चे, और राधा-कृष्ण व हनुमान के रूप में नाचते कलाकार यात्रा के खास आकर्षण रहे। वहीं, सजे हुए रथ में सवार राधा-कृष्ण की झांकी ने भी भक्तों का मन मोह लिया।

## किताबों से दोस्ती करा रही रीडिंग वैन, बच्चों ने पढ़ीं कहानियां

**शुजालपुर।** बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने, भाषा कौशल मजबूत करने और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में संचालित रीडिंग वैन चलित पुस्तकालय गुरुवार को शुजालपुर के सीएम राइज विद्यालय पहुंचा। रीडिंग वैन को देखकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। कक्षा 1 से 5 तक के करीब 350 बच्चों ने गतिविधि में सहभागिता की। बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न पुस्तकें और रोचक कहानियां पढ़ीं। चित्रों के माध्यम से कहानी समझने के साथ बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और विचारों को भी अभिव्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी, डीईओ और शुजालपुर एसडीएम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से कहानी पढ़वाई और उनकी पठन क्षमता एवं अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया।

# घर से चल रहा था अवैध-शराब का अड्डा, पुलिस ने 2 लाख की 25 पेटी देशी-विदेशी शराब जब्त की

**देवास।** देवास के ग्राम खटांबा के रिहायशी इलाके में एक मकान से अवैध शराब बिक्री की सूचना पर बीएनपी थाना पुलिस ने छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को करीब 25 पेटी देशी और विदेशी शराब मिली। जब्त शराब की कीमत 2 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। पीएनबी थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि खटांबा के एक घर से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जानकारी की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मकान पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही मौके पर हलचल मच गई। तलाशी के दौरान घर से बड़ी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब मकान तक कहां से पहुंची और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हैं।



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी श्रीमती नीतू चौपडा पति श्री अमित चौपडा, निवासी-70 शिवालय परिसर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-इ-7/2 श्रेणी M.I.G. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह अवासीय सेक्टर बी योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन तीन मंजिला (तल+2) बना होकर भवन की पैमाईश में भवन सामने से 10.00 मीटर, पीछे 10.00 मीटर, एक बाजू 15.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 15.00 मीटर के माप का होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-150.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व / दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-इ-7/3, पश्चिम / उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-इ-7/1, उत्तर/पूर्व दिशा में-भवन क्रमांक-इ-7/9 एवं दक्षिण / पश्चिम दिशा में-18.00 मीटर चौडी सडक है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04.09.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा का पुर्व में सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में नाम रेखा बाई पति प्रेमनारायण अंकित. है परंतु मेरी पक्षकार का आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजो में नाम रामकन्या बाई पति प्रेम नारायण नाम परिवर्तीत किया गया है। अब मेरी पक्षकारा का सभी दस्तावेजो में नाम रामकन्याबाई पति प्रेमनारायण पढा व सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व बैंको के खातों में नाम संशोधित किया जावेगा

**मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 7999640229, 9669092880**

पंजीयन क्रमांक - 7595/दि. 13/03/1979

## म. प्र. जाट क्षत्रिय विकास संघ

**अंकपात मार्ग, उज्जैन**

दिनांक 4.9.2026

महोदय,

साधारण सभा दिनांक 09.09.2026 बुधवार प्रातः 11:00 बजे जाट धर्मशाला में आयोजित की जा रही है। जिसमें वीर तेजाजी महाराज की भजन मंडली द्वारा तेजाजी महाराज की आरती गायन होगा जिसके पश्चात दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2026 तक का आय व्यय लेखा जोखा पन्द्राह माह का प्रस्तुत किया जावेगा । आगामी वर्ष 2028 मे सिंहस्थ का बजट एवं कार्य योजना बनाई जावेगी । जिसमें सभी जाट समाज उपस्थित होने की कृपा करें। इसके पश्चात भोजन व्यवस्था भी रहेगी ।

| कोषा अध्यक्ष | अध्यक्ष | सचिव |
|---|---|---|
| बालाराम जाट घोलिया मुंजाखेड़ी अरविन्द नगर उज्जैन | भंवरलाल जाट बडियार पालखंदा मों.नं. 75666-91444 | विक्रम जाट पडोदा खंडोदा मो. 9826551714 |

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चंद्रकुमार थानी पिता श्री मोहनलाल जी थानी आयु 70 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 05-बी, गीता कॉलोनी, उज्जैन के स्वामित्व का मकान क्रमांक 113, का भाग जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 113/12, पंडित मदनलाल शर्मा मार्ग (गोपाल मंदिर मार्ग, श्री राम क्लॉथ मार्केट) की प्रथम मंजिल पर स्थित जिसका मौके का क्रमांक 23 व 24 जो कि हवाई हक सहित हैं। इस मकान की प्रथम मंजिल व हवाई हक का कुल क्षेत्रफल 60.48 वर्गमीटर है। इस मकान को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार से तय पाया गया है जिसमें मेरे पक्षकार से चंद्रकुमार थानी पिता श्री मोहनलालजी थानी ने बयाना राशि भी प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना शेष है। उक्त मकान के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 (सात) दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को क्रय किए जाने के संबंध में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक :04.09.2026, स्थान : उज्जैन

**मावमल दुग्गड़, अभिभाषक**
1, युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
मोबाइल : 9425091829, 7987195822

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन शाखा तराना तहसील तराना

आमसभा 2026 — दिनांक 05.09.2026

## वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना

शाखा तराना से संबंधित समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित के सदस्य महानुभावों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार सहकारी संस्थाओं की वार्षिक साधारण आमसभा निम्न दिनांक से स्थान व समय पर आयोजित की गई है।संस्थाओं से संबंधित सदस्य अपनी संस्थाओं की मीटिंग में उपस्थित होने हेतु सादर आमंत्रित है। सदस्यों को व्यक्तिगत सूचना विषय सूची संस्था कार्यालय में चस्पा की गई है। कोरम के अभाव में मीटिंग आधा घंटा बाद पुनः आयोजित की जाएगी।जिसमें गणपूर्ति पर विचार नहीं किये जाएंगे।

| क्र. नाम संस्था आमसभा | दिनांक | वार | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सालाखेड़ी | 11-9-2026 | शुक्रवार | दोपहर 1 बजे | तराना |
| 2. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित करंज | 11-9-2026 | शुक्रवार | दोपहर 1 बजे | करंज |
| 3. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित डाबडा राजपूत | 17-9-2026 | गुरुवार | दोपहर 1 बजे | डाबडा राजपूत |
| 4. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित भड़सीमा | 18-9-2026 | शुक्रवार | दोपहर 1 बजे | भड़सीमा |
| 5. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित बघेरा | 19-9-2026 | शनिवार | दोपहर 1 बजे | बघेरा |
| 6. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित छड़ावद | 19-9-2026 | शनिवार | दोपहर 1 बजे | छडावद |
| 7. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कचनारिया | 19-9-2026 | शनिवार | दोपहर 1 बजे | कचनारिया |

**समिति प्रबंधक**
**प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित शाखा तराना**

**प्रशासक**
**प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित शाखा तराना**

## न्यूज-कॉलम

## 1220 किलो महुआ लहान और 28 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त

**नीमच।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. दांगी के मार्गदर्शन में 2 सितंबर को मनासा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में संयुक्त टीम ने दबिश देकर 1220 किलोग्राम महुआ लाहन और 28 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की। आबकारी विभाग की टीम ने पिपलिया रूडी, बरडिया, सुवासरा बुजुर्ग, भदाना और मझीरिया सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। अवैध मदिरा से जुड़े मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत 6 प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 29 हजार बताया गया है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और विक्रय के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी बी.एल. सिंगाडा, आबकारी उपनिरीक्षक पंकज राठौर, संजय कंवारे, दीपक आंजना, संजय राठौर सहित आबकारी मुख्य आरक्षक एवं आरक्षकों की टीम शामिल थी।

## रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बड़ा हादसा

**रतलाम ।** रतलाम-इंदौर फोरलेन पर गुरुवार देर रात करीब 1 से 1.30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अजमेर से नासिक जा रही जांगिड़ ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस सातरुंडा के पास रत्तागिरी फंटे से ठीक पहले अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में कुल 28 यात्री घायल हुए हैं। दुर्घटना के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। थाना प्रभारी अयूब खान के अनुसार, सड़क गीली थी और रत्तागिरी फंटे के पास खतरनाक मोड़ होने के कारण तेज रफ्तार बस पर चालक का नियंत्रण नहीं रहा। बस स्लिप होकर पलट गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस अंधे मोड़ पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

## रोटरी क्लब ने देवडूंगरी मंदिर परिसर में रोपे 111 पौधे

**मन्दसौर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए रोटरी क्लब मंदसौर ने 'पर्यावरण सेवा प्रकल्प' के तहत देवडूंगरी माताजी मंदिर परिसर में 111 छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ संजय कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। रोटरी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने पौधों के पूर्ण संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन शरद गांधी के निर्देशन में हुआ और आभार सचिव संजय जैन ने व्यक्त किया।

## स्टेशन पर रैंप-लिफ्ट अधूरे, सीढ़ियों से जा रहे यात्री

**मंदसौर।** मंदसौर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-2 से ट्रेनों का संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। प्लेटफॉर्म-2 तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज बन चुका है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार, व्हीलचेयर पर निर्भर और गर्भवती महिलाओं को सीढ़ियां चढ़कर प्लेटफॉर्म तक पहुंचना पड़ रहा है। यात्रियों की इन समस्याओं को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को रतलाम डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने ज्ञापन के जरिए यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दूर करने की मांग की। कांग्रेस ने बताया कि नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण के बाद प्लेटफॉर्म नंबर-2 से कई यात्री ट्रेनें चल रही हैं। फुट ओवरब्रिज तो बन गया है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अधूरा होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस ने मांग की कि रैंप और लिफ्ट का काम पूरा होने तक प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहले से मौजूद अस्थायी गेट को दोबारा खोला जाए या नया वैकल्पिक गेट बनाया जाए।

# राखियों से सजा पर्यावरण, कृष्ण लीला से गूंजा महाविद्यालय परिसर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलियामंडी



मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशानुसार पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजनों में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रो राधेश्याम कटारा ने बताया की 1 सितंबर 2026 को रक्षाबंधन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण राखी बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधों को राखी बांधकर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति भी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और उसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। 2 सितंबर 2026 को बलराम जयंती के अवसर पर गो-संवर्धन एवं जैविक कृषि विषय पर नाट्य प्रस्तुति आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने प्रभावी नाटक के माध्यम से गौवंश संरक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नाट्य प्रस्तुति को विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया एवं 3 सितंबर 2026 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाँसुरी वादन, श्रीकृष्ण लीला पर आधारित नाट्य प्रस्तुति एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं उनके जीवन संदेशों को आकर्षक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया। बाँसुरी वादन ने कार्यक्रम में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंग भर दिया, वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान पूरा महाविद्यालय परिसर कृष्णमय नजर आया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं डॉ. चंद्रकला चौहान, प्रो. राधेश्याम कटारा, प्रो. प्रीति गिरवाल, डॉ. नोदराम मालवीय, डॉ. सुंदरलाल कुमावत, प्रो. गोविंद तंवर, प्रो. अमित नीमा, प्रो.दीपशिखा कालड़ा , प्रो. प्रेरणा शर्मा, डॉ. देवी लाल बामनिया एवं श्री विजय शर्मा सहित महाविद्यालय के कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैयालाल लोहार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ग्वाला समाज का निकला भव्य चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच




गत वर्ष अनुसार शहर के उपनगर ग्वालटोली स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पर चंद्रवंशी ग्वाला गवली समाज द्वारा आज शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर सहित शहर के विभिन्न चौराहा एवं रास्तों पर बैनर पोस्टर केसरिया झंडा लगाकर सजाया गया।

इस महोत्सव के प्रारम्भ मे सुबह 9 बजे से विशाल वाहन रैली निकली , जो विभिन्न मार्गों से होकर मंदिर पहुंची । वही सुबह 10 बजे भव्य चल समारोह का आयोजन बारिश की झड़ी फुहार के बीच निकला । इसमें राधा-कृष्ण व बालाजी की झांकियां, घोड़ें, बैंड-बजे, ढ़ोल की थाप पर बच्चे युवा और महिलाएं थीरक रहे थे।

इस भव्य चल समारोह में सबसे आगे समाज अध्यक्ष और प्रमुख घोड़े पर सवार होकर केसरिया थामें चलरहे थे। डीजे, डांडिया, ढोल-ढमाके तथा रथ पर लड्डू गोपाल एवं सांवरिया सेठ की झांकी सजाई थी। इस दौरान पुष्पवर्षा के साथ गुलाल भी उडाई जा रही थी । वालटोली से निकल चल समारोह मेसी शोरुम चौराहा से अंबेडकर मार्ग होकर गायत्री मंदिर रोड पर पहुंचा। रास्ते भर विभिन्न समाज सेवी लोगों ने शोभायात्रा में सम्मिलित समाज प्रमुखों का पुष्प हार से अभिनंदन किया गया द्य चल समारोह में सम्मिलित महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते बनता है एक बच्ची अपनी गोद में बाल गोपाल की प्रतिमा टोकरी मे फूलों से सजाकर चल रही थी।

सम्मिलित लोगों में बच्चों और महिलाओं का भी उत्साह देखने लायक था द्य चल समारोह का मंदिर पहुंचने के बाद समापन होगा द्य वही शाम को विशेष पूजा अर्चना और भजन संध्या का आयोजन होगा द्य मध्य रात्रि 12 बजे श्री कृष्णा के जन्म समय अवसर पर आरती के पश्चात प्रसाद पंजीरी का वितरण होगा।

## स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में स्वावलंबन और उद्यमिता पर मंथन

**मन्दसौर।** दशपुर कुंज में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में २१ अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलने वाले उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुई इस बैठक में युवाओं को स्वरोजगार और स्थानीय उद्यमों से जोड़ने के साथ-साथ संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। बैठक में विभाग संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला संयोजक दिलीप चौधरी समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मरणोपरांत कमला बाई जैन के नेत्रदान से रोशन होंगी दो जिंदगियां

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से स्वर्गीय कमला बाई जैन के परिजनों ने अनुकरणीय निर्णय लेते हुए मरणोपरांत उनका नेत्रदान कराया। इस पुनीत कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नया उजाला आएगा। सूचना मिलने पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने प्रक्रिया पूरी की। लायंस क्लब केअध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल, सचिव मयूर सुराणा, सी ए विकास भण्डारी आदि पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति इस साहसिक और प्रेरणादायी कदम के लिए गहरी कृतज्ञता जताई।

## गौशाला में जन्माष्टमी पर गौ-पूजन एवं शिक्षकों का सम्मान

**मन्दसौर।** राष्ट्र संत श्री कमल मुनि जी की प्रेरणा से सिंदपन स्थित जैन दिवाकर कमल गौशाला में जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गौमाता का पूजन कर हरा चारा खिलाया तथा बीमार गोवंश का उपचार कराया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त, शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर गौशाला समिति द्वारा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षकों का शॉल, श्रीफल एवं पेन भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नीलम वीरवाल ने स्वागत और गोशाला सचिव अजीत खटोड़ ने आभार व्यक्त किया।

## न.पा. ने अमानक पॉलिथिन उपयोग व गंदगी फैलाने पर की जुर्माना कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाने एवं अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वाले व्यापारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में गुरुवार को नगर पालिका की टीम ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई की। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज ने स्वच्छता पर्यवेक्षक ऋषि कलोसिया एवं अन्य कर्मचारियों के साथ दुकानों, सड़क किनारे गुमटियों तथा ठेले पर खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने वाले व्यवसाइयों के यहां निरीक्षण किया। गांधी फैलाने व अमानत पॉलिथीन उपयोग पर ११ व्यवसाइयों के चालान, २,५०० जुमार्ना वसूला गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करें और सड़क पर कचरा न फेंकें उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। नागरिकों और व्यापारियों से स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

## राजस्व शिविर में ग्रामीणों ने उठाया अतिक्रमण का मुद्दा : अब सीमांकन करेंगे पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गरोठ

गरोठ तहसील के पिपल्या मोहम्मद गांव में गुरुवार को लगे राजस्व शिविर में ग्रामीणों ने गोचर और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। शिविर नायब तहसीलदार रघुनाथ पाचार और विनोद कुमार शर्मा की देखरेख में हुआ। शिविर शुरू होने से पहले ग्रामीणों ने मीडिया को गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमण के स्थान भी दिखाए। उनका कहना था कि कब्जे के कारण मवेशियों के लिए चरने की जगह कम हो गई है।

ग्रामीण शंकर सिंह राठौड़ ने कहा कि अगर उनकी ओर से भी गोचर भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो वे उसे खुद हटाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि गोचर भूमि का इस्तेमाल मवेशियों के लिए होना चाहिए। ग्रामीण रामलाल मैहर ने बताया कि उन्होंने पहले चार बीघा जमीन का पट्टा इसलिए नहीं लिया था, ताकि गायों के चरने की जगह बनी रहे। उनका आरोप है कि अब उसी जमीन पर स्थानीय लोगों ने कब्जा कर लिया है। दिनेश सिंह राठौड़ और चंद्र सिंह ने बताया कि गोचर भूमि पर कब्जे के कारण मवेशी गरोठ स्टेशन की ओर चले जाते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, वहां ट्रेन की चपेट में आने से गायों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस मामले में तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर और गरोठ विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया को कई बार आवेदन दे चुके हैं। उनका कहना है कि अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

नायब तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर फार्मर आईडी और राजस्व मामलों के लिए शिविर लगाया गया था। इसमें गोचर भूमि का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। उन्होंने संबंधित पटवारी को गोचर भूमि का सीमांकन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिविर में पटवारी दशरथ सिंह गुर्जर, ने ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज कीं।

# श्री सिद्धिविनायक साइंस अकादमी में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

**बालागुड़ा ।** समीपस्थ ग्रामीण अंचल के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान 'श्री सिद्धिविनायक साइंस अकादमी बालागुड़ा' में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का प्रांगण भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया। समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धरा। नन्हे बालकों द्वारा निर्मित श्रीनाथ जी का भव्य एवं अलौकिक स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण के भजनों पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिवार द्वारा भगवान श्री कृष्ण के विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और जोशो-खरोश के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेता बालकों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# नीमच से श्री चारभुजा गढबौर धाम पैदल यात्रा 14 को निकलेगी

### 225 कि मी सफर 7 दिनो मे तय करेंगे सैकड़ों श्रद्धालु भक्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

गत वर्ष अनुसार किस वर्ष भी नीमच से चारभुजा जी गढ़बोर राजस्थान तक 14 सितम्बर को पैदल यात्रा की शुरूआत होंगी।

च्हम अकेले ही चले थे मंजिले राह को, लोग जुड़ते गए कारवां बन गयाच्च ऐसा ही कुछ सुखद संयोग हुआ है श्री चारभुजा मित्र मंडल जिला नीमच के साथ। इसे आप प्रभु श्री चारभुजा नाथ की अगाध श्रद्धा भक्ति का जुनून माने या कोई ईश्वरीय चमत्कार, कि आज से 35 वर्षों पूर्व रौंपा गया श्री चारभुजा पैदल यात्रा रुपी यह नन्हा सा पौधा आज एक विशाल वट वृक्ष के रूप में विकसित होकर सम्पूर्ण नीमच, मंदसौर जिले ही नहीं अपितु समीपस्थ राजस्थान के कई क्षेत्रों में भी मजबूती से अपनी जड़े फैला चुका है।

राजेंद्र मंडोवरा (राजू भाई) रतनगढ वालो के नेतृत्व में आज से 35 वर्षों के पूर्व मात्र 7 व्यक्तियों की अगुवाई मे श्री



चारभुजा मित्र मंडल जिला नीमच के बैनर तले शुरू हुई यह पैदल यात्रा अब एक विशाल रूप लेते हुए इस वर्ष 36 वें वर्ष में भव्यता के साथ प्रवेश कर रही है। प्रति वषार्नुसार निकलने वाली इस यात्रा मे सम्मिलित होने के लिए इस वर्ष पूरे जिले में अब तक 300 से भी अधिक श्रद्धालु भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर अपना पंजीयन करवा लिया है।

इन स्थानों के पदयात्री होंगे सम्मिलित-इस पैदल यात्रा में प्रमुख रुप से नीमच सहित रतनगढ़, सिंगोली, गरवाड़ा, आलोरी, डिकन , मोरवन, सरवानिया महाराज, बावल, जाट, कनैरा, जावद, तारापुर, खोर, चैनपुरा, नयागाँव, जीरन, हिंगोरिया, धनेरिया कला,छोटी सादड़ी,, निंबाहेड़ा, मंदसौर, रामपूरा आदि क्षेत्र के भक्तगण बड़ी संख्या में भाग लेन्गे ।

सभी के लिए समान रुप से नियमों का पालन करना है अनिवार्य, नहीं होता कोई भेदभाव - इस यात्रा की सबसे विशेष बात यह है कि सभी यात्रियों को श्री चारभुजा मित्र मंडल जिला नीमच द्वारा बनाए गए सभी नियमों का पालन सख्ती से करना अनिवार्य होता है। यात्रा के दौरान सभी पैदल यात्रियों के लिए नशा धूम्रपान इत्यादी पूर्ण रूप से निषेध रहेगा । साथ ही बिना कोई भेदभाव सभी समाज वर्ग के 15 वर्ष के बच्चों से लेकर 75 वर्ष के बुजुर्गों तक सभी को समान रुप से नियमों का पालन कर सम्मिलित होंगे।

## न्यूज कालम




## आर्य समाज बरखेड़ा पंथ में श्रावण मास व वैदिक सप्ताह का समापन

**पिपलिया मंडी।** समीप ग्राम बरखेड़ा पंथ में श्रावण मास एवं वैदिक सप्ताह के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर के नेतृत्व में आर्य समाज के सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालागुड़ा से दिनेश पाटीदार, निनोरा आर्य समाज के प्रधान कुंजीलाल पाटीदार, दशरथ पाटीदार, खेड़ा के पूर्व सरपंच अशोक आर्य, काचरिया चंद्रावत के सरपंच ईशु धनगर, कृष्णकांत माली ने आर्य समाज और योगीराज श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक कन्हैयालाल कारपेंटर, बंसीलाल कारपेंटर, आर्य समाज प्रधान गोपाल आर्य, शांति देवी आर्य, अयोध्या देवी आर्य, गीता देवी पोरवाल, गौशाला अध्यक्ष मोहनलाल तेलकार, गौशाला सचिव राजमल पाटीदार, बालाजी मंदिर संयोजक दिनेश रत्नावत, ग्राम पंचायत के वरिष्ठ पंच सुनील चढ़ावत, अनुपम राठौर, महेश चढ़ावत, घनश्याम ट्रेलर, दिनेश पवार, देवीलाल तेलकार, मधुसूदन पाटीदार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक समरथमल पाटीदार ने किया।

## निनोरा आर्य समाज द्वारा आयोजित वेद प्रचार सप्ताह का हुआ समापन



**पिपलिया मंडी।** समीप गांव निनोरा में आर्य समाज एवं आर्ययुवक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 28 अगस्त से 4 सितंबर तक आयोजित आठ दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह का श्री कृष्ण जन्माष्टमी को हुआ समापन। प्राप्त जानकारी के अनुसार यज्ञ ब्रह्मा पंडित शिवनारायण नगर के आचार्यातत्व में तथा ठाकुर भारतसिंहजी शक्तावत परिवार के सौजन्य से आयोजित महायज्ञ पूणार्हुति के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर दैनिक यज्ञ करता पंडित शिवनारायण नागर ओमप्रकाश पाटीदार शिवनारायण शर्मा गोविंद शर्मा मोड़ीराम पाटीदार का आर्य समाज प्रधान कुंजीलाल पाटीदार के मार्गदर्शन में ठा भारतसिंह जी शक्तावत पूर्वप्रधान ठा रतनसिंह जी शक्तावत पूर्व सरपंच रामकिशन पटीदार केकर कमल द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के आर्य बंधु उपस्थित थे।

## अब नियमित रूप से चलेगी अजमेर-मैसूरु स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन


**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अजमेर-मैसूरु के बीच नियमित रेल संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 06282/06281 अजमेर-मैसूरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित किया गया है। यह नियमित सेवा संशोधित ट्रेन संख्या 16282/16281 अजमेर-मैसूरु साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में परिचालित की जाएगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 16282 अजमेर-मैसूरु साप्ताहिक एक्सप्रेस की नियमित सेवा 7 सितंबर 2026 से प्रत्येक सोमवार को अजमेर से चलेगी।, जबकि ट्रेन संख्या 16281 मैसूरु-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस की नियमित सेवा 5 सितंबर 2026 से प्रत्येक शनिवार मैसूरु से चलेगी।

## घर में पंखे से फांसी लगाकर ३५ वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**नीमच।** शहर के उपनगर व कैंट थाना क्षेत्र के ग्वालटोली स्थित कुम्हार मोहल्ले में शुक्रवार सुबह एक युवक द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने की खबर मिली। जानकारी अनुसार 35 वर्षीय संजय पिता ताराचंद ग्वाला का शव उसके घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। संजय गुरुवार शाम करीब ६ बजे अपने कमरे में गया था। इसके बाद वह कमरे में अकेला था। शुकंवार सुबह करीब 8 बजे उसकी भाभी रोजाना की तरह चाय लेकर कमरे में पहुंचीं। कमरे मे संजय को पंखे से लटका देख सन रह गई। घबराकर नीचे जाकर परिजनों को सूचना दी जिन्होंने पुलिस को सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।युवक आत्महत्या क्योंकि अभी कारणों का पता नहीं चल सका । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लहसुन धोखाधड़ी मामले में पिपलियामंडी पुलिस को बड़ी सफलता

**मन्दसौर।** पिपलियामंडी पुलिस ने कृषि मंडी के एक व्यापारी के साथ 136.85 क्विंटल लहसुन की हेरा-फेरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी लोकेश हरजानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पश्चिम बंगाल डिलीवरी के लिए भेजा गया लहसुन गंतव्य तक नहीं पहुंचा। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एच आर ३९ जी 8686 नंबर की फर्जी नंबर प्लेट का सहारा लिया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ट्रक का असली नंबर एम पी 09 बी एम 4221 ट्रेस कर इंदौर निवासी आरोपी ट्रक मालिक जफर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हेरा-फेरी कर अर्जित 8,72,810 रुपये नकद और करीब 15 लाख रुपये मूल्य का आयशर ट्रक जप्त किया गया है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



## लायंस क्लब द्वारा शिक्षक द्वय का सम्मान

**तराना।** लायंस क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर रविवार को विष्णु गोपाल मित्तल एवं विनोद कुमार जोशी के सेवानिवृत्ति पर शिक्षक द्वय का सम्मान किया जाएगा। इसी दौरान रीजन चेयरपर्सन लायन सुषमा गोयल एवं जॉन चेयरपर्सन लायन पुरुषोत्तम चाणक्य की अधिकृत यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा यह कार्यक्रम रविवार को शाम 7.30 बजे नाचन बोर स्थित कलश गार्डन में आयोजीत होगा। यह जानकारी लायन्स क्लब अध्यक्ष मुकेश चौहान के द्वारा दी गई।

## भाजपा अ.जा. मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति मे सदस्य बने प्रकाश जाटव

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसुचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई है। घोषित कार्यसमिति में सोयत नगर के पार्षद प्रकाश जाटव को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उनके मनोमयन से स्थानीय भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों ने हर्ष व्याप्त कर साफा बांध कर फूलमालाओ से स्वागत किया।



## किला महिदपुर से 8 यात्री उमरा के लिए होंगे रवाना

**महिदपुर।** मोहल्ला किला से 8 यात्री उमरा यात्रा के लिए 4 सितंबर को रवाना होंगे। यात्री नागदा जंक्शन से रेल द्वारा मुंबई पहुंचेंगे, जहां से 6 सितंबर को फ्लाइट से सऊदी अरब रवाना होंगे। किले से पहली बार एक साथ 8 यात्रियों के उमरा पर जाने को लेकर समाजजनों एवं परिचितों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। उमरा यात्रियों में उस्मान गनी (पूर्व कुर्क अमीन, तहसील महिदपुर), तसद्दुक हुसैन (बब्बू भाई), शेख यूसुफ भाई ड्राइवर एवं उनकी पत्नी, अल्ताफ भाई पेंटर एवं उनकी पत्नी व बहन तथा मोहम्मद फरीद उर्फ कालू भाई शामिल हैं। सभी यात्री करीब 20 दिनों तक मक्का-मदीना में रहेंगे। समाजजनों ने यात्रियों से मानव जाति, शहर, देश और विश्व में अमन-शांति एवं खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। किला निवासी मोहम्मद असलम खान मास्टर साहब ने बताया कि यात्रियों को नागदा छोड़ने के लिए परिवारजन 4 सितंबर को सुबह 6 बजे मिनी बस एवं निजी साधनों से रवाना होंगे।

## विकास खण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**महिदपुर।** शिक्षक दिवस 5 सितम्बर को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में दोपहर 1 बजे जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार विकास खण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे बोर्ड परीक्षा 2025-26 में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने वाले शिक्षको का सम्मान किया जावेगा। उत्त जानकारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दी है।

# धोखाधड़ी के प्रकरण में श्रम कार्यालय का कर्मचारी सुरेन्द्रसिंह जाटव गिरफ्तार

### आरोपी के विरुद्ध चेक बाउंस के 6 गिरफ्तारी वारंट लंबित थे

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ के नेतृत्व में थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी एवं कुल 6 चेक अनादरण चेक बाउंस के आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाना कोतवाली राजगढ़ में फरियादिया देवकुमारी पति गंगाराम तंवर 35 वर्ष निवासी शिक्षक कॉलोनी राजगढ़ ने आरोपी सुरेंद्रसिंह जाटव पिता बंशीलाल जाटव 53 वर्ष श्रम कार्यालय राजगढ़ में कार्यरत हाल निवासी शिवधाम कॉलोनी, राजगढ़ के विरुद्ध धोखाधड़ी संबंधी शिकायत की।

फरियादिया ने बताया कि आरोपी द्वारा श्रम विभाग से राशि दिलाने का झांसा देकर फरियादिया एवं उसके परिजनों से अलग-अलग समय पर कुल 95 हजार रुपये प्राप्त किए। राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने न तो श्रम विभाग से कोई राशि दिलवाई और न ही फरियादिया की राशि वापस की। काफी प्रयासों के बावजूद राशि वापस नहीं करने एवं फोन नहीं उठाने पर फरियादिया ने थाना कोतवाली राजगढ़ में शिकायत की।

शिकायत पर थाना कोतवाली



राजगढ़ में अपराध क्रमांक 662/2026, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तत्काल एक विशेष टीम गठित की। आरोपी द्वारा बार बार पुलिस टीम को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा था किंतु पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। साइबर तकनीक, तकनीकी विश्लेषण एवं पुलिस टीम के आधार पर आरोपी सुरेंद्रसिंह जाटव को गिरफ्तार किया।

आरोपी सुरेंद्र पिता बंशीलाल जाटव के विरुद्ध जिला न्यायालय द्वारा धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत चेक अनादरण चेक बाउंस के अलग-अलग प्रकरणों में कुल 6 गिरफ्तारी वारंट भी जारी हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर उक्त गिरफ्तारी वारंटों की तामीली कराए जाने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सरकारी योजना, विभागीय लाभ अथवा अन्य किसी कार्य के नाम पर धनराशि की मांग किए जाने पर बिना सत्यापन के राशि प्रदान न करें। किसी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तत्काल निकटतम पुलिस थाने अथवा साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दे।

## यूसीमास मक्सी से मुंबई तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



5 सितंबर को सिडको एक्जीबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 6000 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। यूसीमास मक्सी के 20 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए 3 सितंबर को मुंबई के लिए रवाना होंगे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए यूसीमास मक्सी के विद्यार्थी पिछले कई दिनों से विशेष अभ्यास कर रहे हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के सामने 8 मिनट में 200 सवालों को हल करने की चुनौती रहेगी, जिसमें स्पीड के साथ एक्यूरेसी का भी विशेष महत्व होगा।

यूसीमास मक्सी की ओर से प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों में अक्षिता पटेल, हर्ष जांगिड़, हिमांशु मंडलोई, हृदया शर्मा, जयांश सूर्यवंशी, काव्या, कृष्णा जलोदिया, ख्याति द्विवेदी, लक्ष्य पटेल, मानांशु पटेल, मयंक प्रजापति, निहारिका देवड़ा, निहारिका पटेल, प्राची सोनी, प्रियांशी बामनिया, सागर पटेल, तनमय शर्मा, तन्वी मंडलोई, उर्वशी देवड़ा एवं यशिका पटेल शामिल हैं। प्रतियोगिता के बाद 6 सितंबर को पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के डायरेक्टर राहुल वर्मा ने बताया की यूसीमास मक्सी वर्ष 2014 से विद्यार्थियों को अबेकस एवं मेंटल एरिथमेटिक का प्रशिक्षण दे रहा है। संस्थान के विद्यार्थी लगातार राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते आ रहे हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अपनी मेहनत और प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

यूसीमास मक्सी परिवार को विश्वास है कि सभी विद्यार्थी मुंबई में शानदार प्रदर्शन कर मक्सी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## शिक्षक शिवलाल दांगी को मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



शिक्षक दिवस के अवसर पर सुसनेर के लिए गौरव का अवसर आया है। आगर-मालवा जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुसनेर में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक शिवलाल दांगी का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए किया गया है। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी राज्य स्तरीय चयन सूची में प्राथमिक एवं माध्यमिक श्रेणी के चयनित शिक्षकों के नाम शामिल किए गए हैं। इसमें आगर-मालवा जिले से माध्यमिक श्रेणी में शिक्षक शिवलाल दांगी का चयन हुआ है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य स्तरीय चयन समिति के समक्ष शिक्षकों का प्रस्तुतिकरण किया गया तथा निर्धारित मापदंडों एवं गुणांक के आधार पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए चयन किया गया।

**आज भोपाल में होगा सम्मान**

शिक्षक शिवलाल दांगी को 5 सितंबर 2026 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित होगा। समारोह में चयनित शिक्षकों को राज्य स्तर पर सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## संत रविदास जयंती की कलश यात्रा से सचिव व रोजगार सहायक रहे नदारद, नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

संत श्री रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 3 सितंबर को ग्राम पंचायत श्यामपुरा में आयोजित कलश यात्रा के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव मनोज जैन और रोजगार सहायक राहुल शर्मा को जनपद पंचायत सुसनेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि कलश यात्रा के आयोजन की सूचना दोनों कर्मचारियों को पूर्व में कार्यालय द्वारा कई बार दी गई थी। इसके बावजूद वे यात्रा के दौरान अनुपस्थित पाए गए। दूरभाष पर संपर्क करने पर भी उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। यात्रा के साथ भ्रमण कर रहे जनप्रतिनिधियों ने भी कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इसे वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना तथा शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही माना है। दोनों कर्मचारियों को तीन दिवस के भीतर उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## विक्रमनगर में तीन दिवसीय चतुर्वेद शत्कम महायज्ञ एवं वेद कथा का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



आर्य समाज के 152वें स्थापना वर्ष एवं महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य ग्राम विक्रमनगर में पिछले 9 वर्षों से निरंतर चल रहे घर-घर यज्ञ अभियान के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय चतुर्वेद शत्कम महायज्ञ एवं वेद कथा सत्संग का भव्य समापन गुरुवार को सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में आर्य जगत के मूर्धन्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी (बिजनौर उ.प्र.) ने वेदों की ओर लौटो विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद ही मानव मात्र के कल्याण का मार्ग हैं। प्रसिद्ध भजनोपदेशक गुरुजी काशीराम अनल एवं संजय आर्य कानड़ ने भजनों के माध्यम से धर्म और संस्कृति का संदेश दिया। रात्रि कालीन सत्र में माता निर्माता भवती और परिवार को स्वर्ग कैसे बनाएं विषय पर विशेष पारिवारिक सत्संग हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवा दम्पति जोड़ों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिदिन देवयज्ञ, भजनोपदेश, बाल संस्कार एवं धर्म रक्षा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बड़नगर, सुवासा, इंगोरिया, खरसोद कलां, उज्जैन, शाजापुर के आर्य समाजजनो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आर्य समाज प्रांतीय प्रतिनिधि सभा उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण आर्य,रमेश आर्य, अध्यक्ष पाटीदार राजेन्द्र आर्य प्रगती, सचिव दिलीपकुमार आर्य, कोषाध्यक्ष हीरालाल उड़दिया एवं समस्त ग्रामवासियों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



## श्यामपुरा के शिशु मंदिर में विद्यार्थियों की प्रतियोगिताएं आयोजित, बच्चों ने दिखाया उत्साह

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम श्यामपुरा स्थित संकुल केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल से जुड़े 10 से अधिक शिशु मंदिरों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख ग्राम भारती राजेंद्र भट्ट, तहसील प्रमुख मानसिंह पटेल, संकुल प्रमुख गंगाराम व्यास सहित मनोहर सिंह, नंदकिशोर, रोशन सिंह, शिव नारायण, लाल सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के लिए रंगोली, चित्रकला, लंबी दौड़, गोला फेंक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उनमें खेल भावना, रचनात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करना है। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## खेरिया स्कूल में जन्माष्टमी पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं, बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

**सुसनेर।** बच्चों को आस्था एवं संस्कृति से जोड़ना उनमें अच्छे संस्कार विकसित करने में सहायक होता है। इसी उद्देश्य से शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर में शासन के निर्देशानुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था प्रभारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं मटकी फोड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं बाल स्वरूप से जुड़े आकर्षक परिधानों में सजकर अपनी प्रस्तुतियां दीं। वहीं नृत्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और संस्कारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था परिवार से शिक्षक भूपेन्द्र सिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद पाटीदार, राकेश पाटीदार, रमेशचंद्र दांगी, शिक्षिका श्रीमती चंचल जैन एवं आंगनवाड़ी सहायिका रीना यादव उपस्थित रहीं।

## सर्व प्रयास सामाजिक संस्था महिदपुर ने गोद ली बालिकाओं को मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए



**महिदपुर।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को राखी के अवसर पर मिठाई वस्त्र वितरित किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। गौरतलब है कि सर्व प्रयास सामाजिक संस्था आकिंचित बालिकाओं के हित में कार्य करती है। संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी द्वारा मूल संस्था नागदा में विगत 5 वर्षों से कार्य कर रही है। इस अवसर पर महिदपुर संस्था प्रभारी सोनू रोहिणी मेहता, सह प्रभारी नीतू जैन, कोषाध्यक्ष सरिता कालरा, कार्यकारिणी प्रमुख प्रभा शर्मा, सुजाता मांडीवाल, मंजूबाला शर्मा उपस्थित रही । यह जानकारी रजनी गुलाटी द्वारा दी गई ।

## कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का नगर आगमन पर किया सम्मान



**तराना।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वा जन्म जयन्ती के अवसर पर कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा 20 अगस्त से 10 सितंबर तक कलश वंदन यात्रा निकाली जाएगी। इसी के अंतर्गत गुरुवार को नगर में कलश वंदन यात्रा ने प्रवेश किया। यह कलश वंदन यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकली। प्रमुख मार्गों पर यात्रा का कलश पूजन एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का पूजन किया गया। यात्रा प्रमुख चौराहे से होते हुए अन्य शहर/नगर की ओर चली गई। इस पूर्व विधायक ताराचंद गोयल, पूर्व नप उपाध्यक्ष सोनू परिहार, लक्ष्मी नारायण मालवीय, डॉ मदन चौहान,गोकुल खंडाल, नगर मंडल अध्यक्ष आकाश बोडाना, पवन मौर्य, शंकर राजपूत,संदीप सोलंकी,सत्यनारायण पाटीदार, सरपंच रमेश चन्द्र परिहार,अजय वर्मा तराना नगर मंडल,भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

## बच्चों की देश के भविष्य में दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभाये : विधायक जैन

महिदपुर रोड। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और भविष्य की दशा और दिशा भी तय करते हैं। यह बात नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर रोड में स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने कहीं। पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा का वर्तमान सरकार के योजनाओं के तहत काफी सुधार हुआ है। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी के 54 स्कूली छात्र-छात्राओं को तथा कन्या हाई स्कूल में 65 छात्रों को साइकिलों का वितरण अतिथियों द्वारा द्वारा किया गया अतिथियों का स्वागत प्राचार्य शिवनारायण बामनिया, अशोक पोरवाल, अनिल सेठिया ,बंसी लाल ,सरिता पालीवाल, संगीता पासी, हरीश सोलंकी आदि ने किया।

# शैक्षणिक संस्थाओं में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व







दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजे भैया-बहनों का विधिवत पूजन एवं आरती की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक कृष्ण स्वरूप ने पूरे विद्यालय परिसर को कृष्णमय कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्य वीरेंदर शर्मा ने इस अवसर पर श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन का किया। आयोजन में मटकी फोड़ का शानदार आयोजन रखा गया।

इसी प्रकार श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल बड़नगर में जन्माष्टमी के 1 दिन पूर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके अंतर्गत नन्हे मुन्ने ढेर सारे बच्चे राधा कृष्ण के स्वरूप में विद्यालय पधारे और पूरे विद्यालय प्रांगण को कृष्ण भक्ति के रंग में डुबो दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम लड्डू गोपाल स्वरूप में भगवान श्री कृष्ण की पूजन कर आरती उतारी गई। तत्पश्चात छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कृष्ण लीला से परिपूर्ण छोटी-छोटी नाटिका और राधाकृष्ण आधारित भजनों पर नृत्य प्रस्तुतियां दी गई।

### नलखेड़ा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से परिपूर्ण भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को गीत, संगीत, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम संयोजक मुकेश चौरसिया ने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी तथा प्रेम और सद्भाव के संदेश को प्रस्तुत करने वाली प्रस्तुतियों को विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही।

### महिदपुर रोड

गुरुवार को नगर सहित आसपास के शासकीय स्कूलों में शुक्रवार को जन्माष्टमी का अवकाश होने से एक दिन पूर्व ही विभाग के आदेशों की पालना में जन्माष्टमी पर्व के कार्यक्रम आयोजित कर लिये गये। नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल में छात्राओं ने कृष्ण और राधा बनकर जन्माष्टमी पर्व मनाया कृष्ण एवं राधा बनो प्रतियोगिता एवं नृत्य प्रतियोगिता के आयोजन के साथ साथ मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया विद्यालय प्राचार्य अनिल सेठिया, शिक्षक गोपाल तंवर, बापू लाल चंद्रवंशी, शिक्षिका स्नेहलता शर्मा पूनम राय लक्ष्मी तंवर आदि उपस्थित थे।

### खाचरौद

श्री राज राजेन्द्र जयंत सेन विद्यापीठ में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर गुरु दत्त जोशी रहे। कार्यक्रम में संस्था की प्रबंध समिति के सदस्य अनिल वागरेचा, पंकज डूंगरवाल, अजय भंडारी एवं ज्ञानचंद मेहता सर गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परम कृष्ण भक्त श्री जन्मजय सर द्वारा विधि-विधान पूर्वक कराए गए श्रीकृष्ण जन्म अभिषेक एवं पूजन के साथ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया।

### महिदपुर

सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, महिदपुर में दिनांक 03 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिशु विभाग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में गीत एवं कक्षा 2 री की छात्रा आध्या ठक्कर द्वारा शानदार भजन की प्रस्तुति दी गई । यलो हाउस की ओर से सुभाष त्रिवेदी सर ने अपने भाषण के द्वारा कृष्ण जीवन पर प्रकाश डाला ।



"मुझे इस बात से कोई दिक्कत नहीं है कि मेरे नाम 1000 करोड़, 500 करोड़ वाली फिल्में नहीं हैं. 100 करोड़ वाली फिल्में भी देखा जाए तो मेरे करियर में बहुत ज्यादा नहीं हैं. पर मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है."

# टेंपररी इनाम नहीं क्वालिटी को तवज्जो



कई धांसू फिल्मों का हिस्सा रहीं तापसी का कहना है कि उन्होंने हमेशा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से ज्यादा फिल्मों की क्वालिटी को अहमियत दी है. उन्हें इस बात से कोई परेशानी नहीं है कि तगड़ी कमाई वाली फिल्में नहीं हैं, जिसे आजकल स्टारडम का पैमाना माना जाता है. फिल्मों के कलेक्शन के बजाय वह ऐसी फिल्मों पर ध्यान देना पसंद करती हैं जो सार्थक हों और लंबे समय तक याद रखी जाएं. एक्ट्रेस ने कहा, मैंने अपने करियर में कई ऐसी फिल्में देखी हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर नहीं चलती, लेकिन फिर 10 साल बाद उन्हें दशक की बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है, उन्हें कल्ट का दर्जा मिल जाता है, उनकी सराहना होती है, रेफरेंस दिए जाते हैं। मैंने कुछ समय की वाहवाही से ज्यादा क्वालिटी फिल्मों की लिस्ट को अहमियत दी है। मैं अपनी लिस्ट में ऐसी ही फिल्में डालना चाहती हूं, जिन्हें 20 साल बाद देखने पर भी लगे कि हां, यह एक अच्छी फिल्म थी।

# साई-फाई 'सामुक' में रुक्मिणी फाइनल

अक्षय कुमार की साइंस-फिक्शन एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सामुक' का ऐलान कुछ दिनों पहले ही हुआ था। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित यह भारत की पहली एलियल थ्रिलर फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग इस वक्त ब्रिटेन में चल रही है। इस फिल्म अक्षय के अपोजिट लीड रोल के लिए एक्ट्रेस की तलाश की जा रही थी, जो अब खत्म हो गई है। बंगाली सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्र इस फिल्म का हिस्सा बन सकती हैं। मेकर्स उनसे बातचीत कर रहे हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, रुक्मिणी यदि हां कर देती हैं, तो बंगाली फिल्मों से सफलता का स्वाद चखने के बाद एक्ट्रेस के लिए बॉलीवुड का दरवाजा भी खुल सकता है। एक्ट्रेस की हिंदी में यह पहली फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन कनिष्क वर्मा कर रहे हैं। फिल्म में हॉलीवुड का तड़का लगाने के लिए ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित क्रिएचर इफेक्ट्स डिजाइनर एलेक गिलिस को शामिल किया गया है।



# खुशी कपूर को मिल गया खोया हुआ प्यार



श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह थी कि वह अपनी डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' के एक्टर वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। दोनों करीब दो साल तक साथ रहे। लेकिन इसी साल की शुरूआत में उनका ब्रेकअप हुआ। ताजा रिपोट्र्स के अनुसार, खुशी अब जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। वेदांग के साथ ब्रेकअप का उन पर काफी असर पड़ा था। लेकिन अब वह बेहतर स्थिति में हैं और अपने बचपन के प्यार आकाश मेहता के साथ काफी खुश हैं। अब किसी दूसरे एक्टर को वह डेट नहीं करना चाहती हैं। खास बात यह है कि खुशी के कई करीबी दोस्त, यहाँ तक कि परिवार वाले भी आकाश मेहता को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।



# जिम कॉर्बेट की तरह आदमखोरों का शिकार करेंगे अक्की

अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी ने इस साल 'भूत बंगला' जैसी फिल्म दी। जल्द ही उनकी फिल्म 'हैवान' रिलीज होगी। यह जोडी अब अपनी 9वीं फिल्म की तैयारी में है। खबर है कि प्रियदर्शन के साथ अगली फिल्म में अक्षय, जिम कॉर्बेट से प्रेरित कुशल शिकारी का किरदार निभाएंगे, जिसे जंगल की गहरी समझ है। शुरूआत में उनका किरदार गांव के लोगों के लिए खतरा पैदा करने वाले आदमखोर बाघों और तेंदुओं का शिकार करने के लिए जाना जाएगा। लेकिन जैसे-जैसे अवैध शिकार और वन आवासों के विनाश के प्रभाव को समझने लगेगा, शिकार के प्रति उसके विचार बदल जाएंगे। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। खबर है कि कॉमेडी और थ्रिलर के तड़के के साथ वन्यजीव संरक्षण के इर्द-गिर्द बुनी हुई कहानी इस फिल्म में देखने को मिलेगी, जो कि 1960 के दशक के भारत में घटित होगी और कॉर्बेट के शिकारी से संरक्षणवादी बनने के सफर से प्रेरित होगी।

**कौन थे जिम कॉर्बेट ?-** जिम कॉर्बेट का पूरा नाम एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट था। 25 जुलाई 1875 को उत्तराखंड के नैनीताल में रहने वाले एक ब्रिटिश परिवार में उनका जन्म हुआ था। वह प्रकृति से अत्यधिक प्यार करते थे और जंगलों से उनको अधिक लगाव था।

# Sport

## हैट्रिक भी बनी, एशिया कप में ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी; इंडोनेशिया से मैच था

# श्रीलंका की कप्तान ने 5 रन देकर 7 विकेट लिए

**एजेंसी ▸▸ दुबई**



दुबई में खेले जा रहे विमेंस एशिया कप में बुधवार को श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने इतिहास रच दिया। उन्होंने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप बी के मुकाबले में सिर्फ 5 रन देकर 7 विकेट लिए। अटापट्टू एशिया कप के किसी भी मैच में 7 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बन गईं। इसमें विमेंस और मेंस, दोनों कैटेगरी के मुकाबले शामिल हैं।

चमारी अटापट्टू ने 3.3 ओवर की गेंदबाजी में इंडोनेशिया की बल्लेबाजी को ढेर कर दिया। उन्होंने 19वें ओवर की शुरूआती तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर हैट्रिक भी बनाई। उनकी गेंदबाजी के चलते इंडोनेशिया की पूरी टीम 18.3 ओवर में 49 रन पर सिमट गई। श्रीलंका ने यह मुकाबला 75 रन से जीत लिया। इससे पहले एशिया कप मैच में बेस्ट बॉलिंग का रिकॉर्ड पाकिस्तान की जावेरिया खान के नाम था। उन्होंने विमेंस एशिया कप 2008 में बांग्लादेश के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट लिए थे। अब चमारी अटापट्टू के नाम एशिया कप के एक मैच में 7 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

अटापट्टू का यह प्रदर्शन सिर्फ एशिया कप तक सीमित नहीं रहा। यह टी-20 इंटरनेशनल में किसी श्रीलंकाई गेंदबाज (मेंस या विमेंस) का बेस्ट बॉलिंग फिगर भी है। अटापट्टू ने अजंता मेंडिस का रिकॉर्ड तोड़ा। मेंडिस ने सितंबर 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट लिए थे। अटापट्टू टी-20 इंटरनेशनल एशिया कप के किसी मैच में 6 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज भी हैं।

## लक्ष्मण एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष टीम के कोच होंगे

नेशनल क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण इस महीने जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष टीम के कोच होंगे। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री ने कोचों की लिस्ट जारी की है। लक्ष्मण के साथ सुनील जोशी, ऋषिकेश कानितकर और सुभदीप घोष भी टीम के कोचिंग स्टाफ में रहेंगे। लक्ष्मण ने 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम को कोचिंग दी थी, जहां टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। टीम के रेगुलर हेड कोच गौतम गंभीर वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान सीनियर टीम के साथ रहेंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला वनडे 27 सितंबर से शुरू होगा। एशियन गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर से शुरू होगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच इसके चार दिन बाद खेलेगी।

## श्रीकांत ने वर्ल्ड नंबर-9 विक्टर लाई को हराया

**नई दिल्ली।** चीन के शेनझेन एरिना में खेले जा रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारत के अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को दूसरे दौर में पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 श्रीकांत ने कनाडा के वर्ल्ड नंबर-9 विक्टर लाई को 21-18, 21-19 से हराकर उलटफेर किया। दूसरी ओर, महिला सिंगल्स में हाल ही में ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी शर्मा जापान की वर्ल्ड नंबर-9 टोमोका मियाजाकी से 17-21, 21-18, 16-21 से हारकर बाहर हो गईं। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दूसरे राउंड में हार गई।

## नैनो न्यूज

- **भारत-हांगकांग आमने-सामने** – महिला एशिया कप में भारत आज हांगकांग से भिड़ेगा। थाईलैंड को हराने के बाद भारत की नजर सेमीफाइनल पर है।
- **अल्कराज यूएस ओपन तीसरे दौर में** – कार्लोस अल्कराज ने शुरूआती सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए फंप्रे को चार सेटों में हराया।
- **बीसीसीआई समीक्षा बैठक** – भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन और आगामी योजनाओं को लेकर बीसीसीआई की अहम समीक्षा बैठक हुई, जिसमें गिल, गंभीर समेत प्रमुख अधिकारी पहुंचे।
- **उम्र फजीर्वाड़े पर बड़ा संकट** – भारत में खेलों में उम्र संबंधी फजीर्वाड़े का मामला गंभीर होता जा रहा है। जून में 500 से ज्यादा अंडर-17 पहलवान अयोग्य पाए गए।
- **ईस्ट बंगाल का मैच ड्रॉ** – ईस्ट बंगाल एफसी को एएफसी महिला चैंपियंस लीग में ह्वाचॉन केएसपीओ, हो ची मिन्ह सिटी और 4.25 एससी के साथ ग्रुप-बी में रखा गया।
- **सूर्यवंशी-सैमसन पर चर्चा** – अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले भारत के ओपनिंग संयोजन को लेकर संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी चर्चा में है।
- **काउंटी में चहल ने विकेट लिया** – काउंटी चैंपियनशिप में युजवेंद्र चहल ने विकेट हासिल किया, जबकि मयंक अग्रवाल अपनी पारी में नाबाद रहे।

# ब्राजील के आने से फुटबॉल को एक्सपोजर मिलेगा

## भूटिया ने बॉयकॉट करने को कहा था, 3 अक्टूबर को कोलकाता में होगा मैच



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने ब्राजील के इंडिया टूर का समर्थन किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा- 'ब्राजील एक मजबूत फुटबॉल टीम है। उनके यहां आने से भारतीय फुटबॉल को एक्सपोजर मिलेगा। 14 दिन पहले भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने भारतीय फुटबॉल फैंस से भारत-ब्राजील फ्रेंडली मैच के बॉयकॉट की अपील की थी। भारत और ब्राजील का इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेला जाएगा। गांगुली से भारत-ब्राजील मैच के बारे में पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा, 'फुटबॉल शानदार खेल है। मुझे इसे देखना पसंद है। ब्राजील दुनिया के महान फुटबॉल खेलने वाले देशों में से एक है।

## इमाम-उल-हक पर 2 साल का बैन लग सकता है

पाकिस्तान के बल्लेबाज इमाम-उल-हक पर लॉर्ड्स टेस्ट में इंजरी को लेकर 1 से 2 साल तक का बैन लग सकता है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनकी पिंडली की चोट से जुड़े मामले की जांच के लिए कमेटी बनाने की तैयारी में है। जांच में अगर इमाम दोषी पाए जाते हैं तो उन पर 1 से 2 साल का बैन लगाया जा सकता है। इमाम को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्का खिंचाव आया था। इसके बाद वे पाकिस्तान की दोनों पारियों में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। पाकिस्तान पहली पारी में 110 रन पर ऑलआउट हुआ था, जबकि दूसरी पारी में 389 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 194 रन पर सिमट गया। इंग्लैंड ने यह टेस्ट 194 रन से जीता था।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

# दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

INDORE METROPOLITANE DHAR•JHABUA•ALIRAJPUR




## न्यूज कॉलम

### बाग बैंक में 45.20 लाख के गबन मामले में कैशियर निलंबित

**धार।** धार जिले के बाग में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में 45.20 लाख रुपए के गबन के मामले में बैंक ने कार्रवाई की है। हेड कैशियर हितेश निंगवाल को निलंबित कर दिया गया है। ब्रांच मैनेजर मयूर दुबे को शाखा से हटा दिया गया है। सहायक मैनेजर राहुल पंजवानी को निलंबन का नोटिस देकर इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया गया है। नए प्रबंधक विपिन ने बाग शाखा पहुंचकर पदभार संभाल लिया है। शाखा में कैश की जांच के दौरान 45.20 लाख रुपए कम मिले थे। इसके बाद कैशियर लॉकर की चाबी लेकर फरार हो गया था। बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने मामले की जांच की। इसके बाद बैंक प्रबंधक ने मंगलवार शाम बाग थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने कैशियर हितेश निंगवाल को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था।

### 20 दिन बाद बरसे बदरा, सूख रही सोयाबीन को मिली राहत

**धार।** धार में करीब 20 दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे धार शहर और ग्रामीण इलाकों में गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक बारिश हुई। लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश से किसानों की चिंता कुछ कम हुई है। तेज धूप के कारण खेतों की नमी लगातार घट रही थी और सोयाबीन की फसल पर इसका असर नजर आने लगा था। पिछले कई दिनों से किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए थे। खेतों में खड़ी सोयाबीन को इस समय बारिश की सबसे ज्यादा जरूरत थी। बारिश नहीं होने से पौधे मुरझाने लगे थे। रात में शुरू हुई बारिश से खेतों में नमी लौट आई है, जिससे फसल को फायदा मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि मौजूदा समय में हुई बारिश फसल के लिए अमृत जैसी है।

### नौकर ने चुराया 2 ग्राम सोना 24 हजार में बेचा, खरीदार समेत दो गिरफ्तार

**धार।** धार शहर के जवाहर मार्ग स्थित वल्लभ ज्वेलर्स में हुई सोने की चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दुकान का कर्मचारी अरविंद लोधा भी शामिल है। पुलिस ने चोरी का सोना बेचने से मिले 24 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। वल्लभ ज्वेलर्स के मालिक कमल गुप्ता ने दुकान से सोने के जेवर चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी। जांच के दौरान पुलिस ने दुकान के कर्मचारी अरविंद लोधा को नवासा गांव से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में अरविंद ने करीब 2 ग्राम सोना चोरी करना कबूल किया। पुलिस के मुताबिक, अरविंद ने बताया कि उसने चोरी किया हुआ सोना सुराणा गारमेंट्स के पास रहने वाले आर्यन गुंजल को 24 हजार रुपए में बेचा था।

## अधूरे सीसी रोड पर गड्ढे में उतरी कार




### रतलाम-झाबुआ मार्ग निर्माण में लापरवाही से वाहन चालक हो रहे हादसों के शिकार

**झाबुआ।** रतलाम-झाबुआ मार्ग पर करवड़ क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इस अधूरे काम के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है और वे आए दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार को सीमेंट कंक्रीट के अधूरे काम की वजह से एक कार अचानक गड्ढे में उतर गई। इसके अलावा, कई बार दोपहिया वाहन चालक भी संतुलन बिगड़ने से गिर चुके हैं। कुछ दिन पहले पशु आहार से भरा एक ट्रक भी पलट गया था। कांग्रेस नेता भेरूसिंह चौहान ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आम लोग बुरी तरह परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। खवासा क्षेत्र में बने हुए सीसी रोड को इंडियन ऑयल कंपनी के कर्मचारियों और ठेकेदार ने अपनी पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए बीच से तोड़ दिया था। काम पूरा होने के बाद सड़क को खराब हालत में ही छोड़ दिया गया।

## नैनो न्यूज

- **सोने के भाव में नरमी-** इंदौर सराफा बाजार में जन्माष्टमी के दिन सोने की कीमतों में नरमी देखने को मिली। वैश्विक बाजार की कमजोरी का असर रहा।
- **चांदी के भाव भी फिसले-** सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी शुक्रवार को गिरावट दर्ज हुई। इंदौर सहित प्रमुख शहरों में कारोबारियों की नजर बाजार पर रही।
- **शेयर बाजार में लौटी तेजी-** लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरूआती कारोबार में जोरदार तेजी दर्ज हुई।
- **सराफा कारोबारियों में हलचल बढ़ी-** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच इंदौर के सराफा कारोबारियों की गतिविधियां बढ़ीं। त्योहारी मांग को लेकर कारोबारी सतर्क हैं।
- **त्योहारी खरीदारी पर नजरें टिकीं-** जन्माष्टमी के बाद त्योहारी सीजन तेज होने की उम्मीद है। इंदौर के व्यापारियों को आने वाले दिनों में बाजार में मांग बढ़ने की संभावना है।
- **डिजिटल भुगतान का बढ़ा महत्व-** बैंक शाखाएं बंद रहने के कारण व्यापारियों और ग्राहकों के लिए यूपीआई और डिजिटल भुगतान सेवाएं आज कारोबार में ज्यादा महत्वपूर्ण बनी रहीं।
- **इंदौर बाजार में भावों पर नजर-** कमोडिटी बाजार में सोने-चांदी की हलचल के कारण इंदौर के व्यापारियों की नजर अंतरराष्ट्रीय कीमतों और घरेलू मांग के अगले रुझान पर है।
- **त्योहार से कारोबार को उम्मीद-** जन्माष्टमी के बाद त्योहारी खरीदारी बढ़ने की उम्मीद से कपड़ा, मिठाई, सजावट और उपहार कारोबार से जुड़े व्यापारियों में सकारात्मक माहौल बनने लगा है।

मेरा पति मेरे वश में है, मैं तुम्हें और तुम्हारे पति और बच्चों को घर से निकलवा दूंगी : वंदना

# जेठानी ने चाकू से की देवरानी की हत्या, लाश टंकी में डालकर अस्पताल पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जेठानी ने अपनी नवविवाहिता देवरानी की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने गर्दन पर दो वार किए। लाश को खींचकर घर के बाहर बनी पानी से भरी हौज यानी टंकी में डाल दिया। फिर अस्पताल में भर्ती अपने पति से मिलने चली गई। हत्या की वजह देवरानी द्वारा जेठानी के भाई पर कमेंट करना बताया गया है।

वारदात राऊ थाना इलाके के नेहरू नगर में गुरुवार की है। पुलिस ने शुक्रवार को इसका खुलासा कर आरोपी पार्वती बाई कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, देवरानी वंदना कुशवाह का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। वंदना ने 11 अगस्त को ही उपेंद्र पटेल से लव मैरिज की थी।



देवरानी वंदना कुशवाह



**रक्षाबंधन पर किया था कमेंट, रेप केस में जेल में है भाई-** पुलिस ने बताया कि पार्वती का भाई रेप केस में दमोह जेल में बंद है। रक्षाबंधन वाले दिन वंदना ने उसके बारे में कमेंट किया था। इसे लेकर वंदना और पार्वती के बीच विवाद हो गया था। गुरुवार को पार्वती और वंदना के बीच एक बार फिर बहस हो गई। इस दौरान वंदना ने कह दिया कि मेरा पति मेरे वश में है। मैं तुम्हें, तुम्हारे पति और बच्चों को घर से निकलवा दूंगी। वंदना की ये बात सुनकर पार्वती गुस्से में आ गई। उसने किचन से चाकू उठाया और वंदना की गर्दन पर वार कर दिए। घटना के समय पार्वती के बच्चे स्कूल गए हुए थे जबकि पति और देवर अरबिंदो अस्पताल में थे।

**पुलिस ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की-** डीसीपी नरेंद्र रावत ने कहा- सीसीटीवी के फुटेज में पार्वती ही घर से निकलती हुई दिखाई दी। इसके बाद पुलिस ने उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। पार्वती से कहा गया कि उसके फिंगर प्रिंट चाकू पर मिले हैं, बचने की कोई गुंजाइश नहीं है। इससे वह टूट गई और गुनाह कबूल कर लिया।

### पड़ोसियों ने सुनी चीख, पुलिस भी बुलाई

पड़ोसियों ने वंदना के चीखने की आवाज सुनी थी। जब काफी देर तक उसके घर में कोई हलचल नहीं दिखी तो पड़ोसियों ने ही पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के बाहर बने हौज में वंदना का शव मिला। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे।

### पड़ोस में रहने वाले उपेंद्र से की थी लव मैरिज

पुलिस ने बताया कि उपेंद्र और वंदना के परिवार राऊ के नेहरू नगर में आसपास रहते थे। दोनों के बीच दोस्ती के बाद प्रेम संबंध बन गए। वंदना का परिवार नशे की आदत के कारण उपेंद्र को पसंद नहीं करता था। वह नेहरू नगर छोड़कर राजनगर में किराए के मकान में शिफ्ट हो गया। 11 अगस्त को वंदना किसी को बिना बताए घर से निकली और मंदिर में उपेंद्र से शादी कर ली। वंदना के लापता होने पर उसके परिजन ने चंदन नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। हालांकि, पुलिस के सामने वंदना ने उपेंद्र के साथ रहने की बात कही। इसके बाद दोनों उपेंद्र के घर में ही रहने लगे थे।

### फुटपाथ पर दुकान चलाते हैं दोनों भाई

पार्वती का पति भूपेंद्र फुटपाथ पर कपड़े जबकि उपेंद्र जूते की दुकान लगाता है। वंदना के पिता धर्मेंद्र पेशे से ड्राइवर हैं। उसके भाई की तीन साल पहले एसिड पीने के चलते मौत हो चुकी है। पिता के मुताबिक, 12 अगस्त को थाने में बयान देने के बाद बेटी वंदना से कभी उनकी बात नहीं हुई।

इंदौर पुलिस मुंबई से युगांडा की महिला और नाइजीरियाई युवक को लाई, बिना वीजा रह रहे थे भारत में

# कोकीन तस्करी में युगांडा-नाइजीरिया के 2 साथी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चंदन नगर थाना पुलिस ने कोकीन तस्करी के मामले में नाइजीरियाई मूल की महिला जॉय से पूछताछ के बाद उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। जॉय की जानकारी के आधार पर पुलिस टीम मुंबई पहुंची, जहां से उसकी परिचित युगांडा मूल की महिला नेकेजेव और नाइजीरियाई युवक डेमिनेल को पकड़ा गया। दोनों को पुलिस इंदौर लेकर आई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों जॉय के साथ कोकीन तस्करी में शामिल थे। पूछताछ में दोनों ने भारत में बिना वीजा रह रहे अपने देश के कई लोगों और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस अब इन लोगों की तलाश कर रही है।



**57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ पकड़ी गई थी जॉय-** चंदन नगर पुलिस ने रविवार को नाइजीरियाई मूल की महिला जॉय को 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था। जॉय ने पुलिस को बताया था कि वह नाइजीरिया से 7 महीने के वीजा पर भारत आई थी। पुलिस ने जॉय का 5 दिन का रिमांड लिया था। पूछताछ में उसकी जानकारी के आधार पर मुंबई में मौजूद उसके साथियों के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर इंदौर लाई।

### बिना वीजा रह रहे कई लोगों की जानकारी दी

- डीसीपी नरेंद्र रावत के मुताबिक, नेकेजेव और डेमिनेल ने पूछताछ में बताया कि उनके देश के कई लोग भारत में बिना वीजा के रह रहे हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है।
- पुलिस टीम अब उनकी तलाश कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, जॉय का रिमांड 2 दिन के लिए बढ़ाया गया है, जबकि पकड़े गए युवक और युवती का 5 दिन का रिमांड लिया गया है।

# सीएम के परिचित का मोबाइल-तलाश रही 10 थानों की पुलिस

### इंदौर में नहीं लिखी एफआईआर, मुख्यमंत्री निवास से गया फोन, एक्टिव हुए कमिश्नर और डीसीपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बाइक सवार लुटेरों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिचित का मोबाइल लूट लिया। मंहगा फोन छीनकर भाग निकले। 31 अगस्त को वारदात के बाद उज्जैन निवासी अनमोल वर्मा पलासिया थाना पहुंचे। पलासिया पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की, सिर्फ आवेदन ले लिया।

इसके बाद 1 सितंबर को मामला उज्जैन स्थित सीएम हाउस तक पहुंचा। वहां से इंदौर पुलिस कमिश्नर और डीसीपी को जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। मोबाइल और बदमाशों की तलाश में इंदौर के 10 थानों की पुलिस को लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक, वारदात में शामिल बदमाश पल्सर बाइक पर सवार थे। अनमोल निजी काम से इंदौर आए थे। इंद्रदेव महादेव मंदिर क्षेत्र में उनके साथ मोबाइल लूट की वारदात हुई।

इसी इलाके में 31 अगस्त को ही मोबाइल लूट की एक और वारदात हुई थी। पुलिस को बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। फुटेज और अन्य तकनीकी सुरागों के आधार पर टीमें आरोपियों की पहचान और संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल बायपास इलाके में भी बदमाशों की तलाश की जा रही है।

एनएक्सटी क्वांटम ओएस में बड़ा बदलाव

## एआई+ यूजर्स को डेटा और प्राइवेसी पर ज्यादा कंट्रोल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एआई+ स्मार्टफोन ने एनएक्सटी क्वांटम ओएस का नया वर्जन 1.1 लॉन्च किया है। इस अपडेट में यूजर्स की प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ ऐप्स की परमिशन्स पर अधिक कंट्रोल दिया गया है। कंपनी के अनुसार, ऐप्स से जुड़ा अधिकांश डेटा ट्रैफिक भारत में मौजूद सर्वर्स के जरिए प्रोसेस होगा और कोर डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर व सोर्स कोड को भारत में सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया है। नए एनएक्सटी प्राइवेसी डैशबोर्ड के जरिए यूजर्स एक ही जगह ऐप्स की परमिशन्स और उनके डेटा एक्सेस की जानकारी देख सकेंगे। जरूरत पड़ने पर परमिशन्स को बदल या बंद भी किया जा सकेगा। एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के सीईओ और एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि टेक्नोलॉजी में भरोसा और यूजर्स की उम्मीदों को पूरा करना सबसे महत्वपूर्ण है।

## प्रदीप कासलीवाल की छठवीं पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष, जैन रत्न, समाज गौरव स्मृतिशेष श्रद्धेय प्रदीपकुमार सिंह कासलीवाल की छठवीं पुण्यतिथि एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजन किया जा रहा है। फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि फेडरेशन के तत्वावधान में पूरे देश में समस्त सोशल ग्रुपों द्वारा 5 सितंबर शनिवार को समाजसेवी गुरु एवं छात्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। फेडरेशन मुख्यालय इंदौर में मुख्य आयोजन तीर्थ चक्रवर्ती परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज संसघ के पावन सान्निध्य में दोपहर 3 बजे, से छत्रपति नगर स्थित दलाल बाग में होगा।

# इंदौर मेट्रो का आज से कमर्शियल रन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मेट्रो रेल के सफर का एक और बड़ा पड़ाव शुक्रवार को पूरा होने जा रहा है। गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होगा। इसके साथ ही इस रूट पर आम यात्रियों के लिए नियमित मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। कमर्शियल रन की शुरूआत के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर मौजूद रहेंगे। अब तक इस हिस्से में ट्रायल रन और तकनीकी गतिविधियां चल रही थीं। कमर्शियल संचालन शुरू होने के बाद यात्री निर्धारित स्टेशनों के बीच मेट्रो से सफर कर सकेंगे। इससे शहरवासियों को तेज और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन का विकल्प मिलेगा। गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक का कॉरिडोर शहर के महत्वपूर्ण इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ता है। नियमित संचालन शुरू होने के बाद सड़क यातायात के दबाव को कम करने और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है। कमर्शियल रन की शुरूआत के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर मौजूद रहेंगे। प्रदेश और शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

निरंतर 40 वर्षों से निःशुल्क पदयात्रा व शोभायात्रा

# चारभुजानाथ की पदयात्रा में 200 से ज्यादा पद यात्री होंगे शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के मिडिया प्रभारी व प्रमुख यात्रा व्यवस्थापक पं. तरुण व्यास महाराज ने बताया कि श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के सयोंजक संतोष हीरालाल जोशी (सन्टू) के नेतृत्व में निरंतर 40वीं निःशुल्क पदयात्रा भव्य शोभायात्रा के साथ निकाली जाएगी जिसमें 200 से ज्यादा पैदल यात्रियों का जत्था शामिल होगा लगभग 550 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके डोल ग्यारस पर श्री चारभुजा जी गढ़बोर राजस्थान के मेला दर्शन प्राप्त करेंगे। यात्रा में इंदौर पालीवाल समाज के अनेकों समाजसेवीयों सहित आस पास के गांवों के पदयात्री शामिल होंगे।

आगे की जानकारी देते हुए संघ के प्रमुख व्यवस्थापक विजय जोशी पार्षद, ओमप्रकाश जोशी, मुकेश व्यास ने बताया की यात्रा 6 सितम्बर रविवार प्रातः 8 बजे श्री चारभुजानाथ की आरती करके जय चारभुजानाथ के नारों के साथ शोभायात्रा के रूप में रवाना होगी जिसमें रथ, बग्गी, झांकी, घोड़े, डीजे एवं थाली मादल, राधा कृष्ण की झांकी, शिवजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप मे मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं इंदौर के सांसद शंकर लालवानी सहित शहर व प्रदेश के अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।



### रूपनारायण जी सेवन्त्री में ध्वजा चढ़ाकर होगा यात्रा का समापन

आयोजन 17 दिवसीय रहेगा जिसमें श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के सयोजक संतोष जोशी (सन्टू) यात्रा के हर पड़ाव पर यात्रियों को श्री चारभुजा जी की पवित्र पावन पदयात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते रहेंगे। यात्रा श्री चारभुजानाथ मंदिर पालीवाल ब्राह्मण समाज इंदौर से उज्जैन, नीमच, साँवरिया जी, नाथद्वारा होते हुए श्री चारभुजा जी गढ़बोर पहुचेगी। वही रूपनारायण जी सेवन्त्री में ध्वजा चढ़ाकर यात्रा का समापन होगा। इस बार यात्रा में 12 वर्षीय युवा से लेकर 80 वर्षीय वरिष्ठगण शामिल होंगे। शोभायात्रा में महिलाओं की व्यवस्था महिला व्यवस्थापकों द्वारा की जाएगी।


पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com